INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
सांध्य दैनिक
# यूनिक समय
RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त : DAVP-: 134220
डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026—28

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-1 | मथुरा, बुधवार 25 फरवरी 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## लट्ठामार होली — रंग, गुलाल, ढोल नगाड़े, होली की मस्ती से सराबोर हुआ बरसाना धाम

# हुरियारिनों की लाठियों से बरसा प्रेम


बरसाना में हुरियारों पर लट्ठ का प्रहार करती हुरियारिनें।

- राधारानी के रंग में डूबी बरसाना की गलियां
- ढालों पर बरसी लाठियां, रसिया गाए जोर
- आकाश से बरसी गुलाब की पंखुड़ियां
- राधे-राधे के जयघोष से गूँजी गलियां
- मोबाइल कैमरों में कैद हुआ लठामार होली का जादू


बरसाना की लठामार होली में होली का आनंद लेते हुए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, एडीएम एफआर पंकज वर्मा, एडीएम प्रशासन अवनीश कुमार।

## राधा संग खेले श्याम होरी रे रसिया

## नंदगांव से आए हुरियारे, बरसाने की छोरी लठ धारे रे रसिया

संवाददाता

**यूनिक समय, बरसाना (मथुरा)।** ब्रज की प्रसिद्ध लठामार होली राधारानी की नगरी में पूरे उत्साह और भक्ति भाव के साथ खेली गई। होली देखने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे। पूरा नगर गुलाल और रंगों से सराबोर दिखाई दिया। चारों ओर "राधे-राधे" के जयघोष गूंजते रहे। सुबह से ही श्रीजी मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गई थीं। मंदिर परिसर और आसपास की गलियों में उड़ते गुलाल से आसमान तक को इंद्रधनुष की तरह दिखाई दे रहा था। ढोल, नगाड़े और शंख की ध्वनि से माहौल पूरी तरह भक्तिमय हो गया। परंपरा के अनुसार नंदगांव से हुरियारे ढाल लेकर बरसाना पहुंचे। वे फाग और रसिया गाते हुए आए। बरसाना की महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में लाठियां लेकर तैयार खड़ी थीं। जैसे ही हुरियारों ने फाग गाना शुरू किया वैसे ही महिलाओं ने प्रेम और हंसी-मजाक के बीच लाठियां बरसानी शुरू कर दीं। हुरियारे ढाल से बचाव करते रहे। यह दृश्य देखने के लिए छतों और गलियों में भारी भीड़ उमड़ी रही।

लठामार होली के दौरान ब्रज के रसिया गाए गए। जब हुरियारों ने रसिया गाते कहा, आजु ब्रज में होरी रे रसिया, राधा संग खेले श्याम होरी रे रसिया, नंदगांव से आए हुरियारे, बरसाने की छोरी लठ धारे रे रसिया। इन रसियों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। विदेशी श्रद्धालु भी इन रसियों पर झूमने को मजबूर कर दिया।


बरसाना में लट्ठामार होली में अबीर-गुलाल उड़ाता हुआ।

## ब्रज की पहचान है, लठामार होली

**यूनिक समय, मथुरा।** बरसाना की लठामार होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि राधा-कृष्ण की प्रेम लीला की याद है। सदियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी उसी उत्साह से निभाई जाती है। लठामार होली ने एक बार फिर साबित कर दिया कि ब्रज की होली का रंग सबसे निराला और खास ही होता है।


लठामार होली में रंग और गुलाल से सराबोर हुए हुरियारे।

## सुरक्षा के कड़े इंतजामों का डीएम एवं एसएसपी ने किया निरीक्षण

**यूनिक समय, मथुरा।** भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी सीपी सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने निरीक्षण कर पुख्ता व्यवस्था की थी। जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। ड्रोन कैमरों से निगरानी की गई। चिकित्सा टीम और एम्बुलेंस भी मौजूद रहीं। ट्रैफिक व्यवस्था को संभालने के लिए विशेष रूट प्लान लागू किया गया।


बरसाना में हुरियारों पर लट्ठ का प्रहार करती हुरियारिनें।

## होली पर बरसाना में खिले व्यापारियों के चेहरे

**यूनिक समय, मथुरा।** होली के कारण स्थानीय बाजारों में अच्छी रौनक रही। होटल, गेस्ट हाउस और धर्मशालाएं पहले से ही बुक हो गई। बाहर से आने वाले भक्तों ने मिठाई, पेड़ा, गुजिया और रंग-गुलाल की दुकानों पर खरीददारी की।

## लठामार होली में भारी भीड़ में टला बड़ा हादसा

**यूनिक समय, मथुरा।** बरसाना में लठामार होली पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। रंग, गुलाल और ढोल-नगाड़ों के बीच भक्तों की भारी भीड़ ने पूरे इलाके को रंगीन बना दिया। भीड़ इतनी ज्यादा थी कि पुलिस के लिए उसे नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो गया। इस दौरान कुछ श्रद्धालु दबने लगे, लेकिन पुलिस और आयोजकों की तत्परता के चलते बड़ा हादसा टल गया। श्रद्धालुओं ने उत्सव जारी रखा, लेकिन सुरक्षा की अहमियत फिर से सबके सामने आ गई।


हुरियारे होली के रसिया गाते हुए।

## यूपी में सपा को पीके का सहारा

# यूपी चुनाव के लिए सपा का मास्टर प्लान

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, लखनऊ।** चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर (पीके) की कंपनी यूपी में 2027 विधानसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव के कैंपेन की स्ट्रैटजी बनाएगी। पीके की टीम जल्द ही लखनऊ में अपना काम संभालेगी। जानकार बताते हैं कि तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने पीके की कंपनी की हायर करने सलाह अखिलेश यादव को दी थी। अखिलेश ने पीके के साथ दिसंबर, 2025 में दिल्ली में पहली मीटिंग की, फिर बीते दिनों जब पश्चिम बंगाल गए तो दोबारा मुलाकात की। इसके बाद समाजवादी पार्टी ने हायर किया है। सूत्रों का कहना है कि 28 मार्च को अखिलेश यादव नोएडा से अपने चुनावी कैंपेन की शुरुआत करने जा रहे हैं। वे नोएडा में पीडीए भागीदारी रैली करेंगे। सूत्रों का कहना है कि सपा अलग-अलग कामों के लिए अलग-अलग कंपनियों को हायर कर रही है। इसमें डेटा एनालिसिस और उसके आधार पर रणनीति का काम मुम्बई की कंपनी शो टाइम कंसल्टिंग को दिया गया है। सर्वे का काम कर्नाटक की एक कंपनी पूर्वी उत्तर प्रदेश से शुरू कर चुकी है। अखिलेश यादव के लिए 2027 का चुनाव करो या मरो का है। लोकसभा चुनावों में मिली सफलता के बाद अब अखिलेश यादव किसी भी कीमत पर यूपी की सत्ता हासिल करना चाहते हे। इसके लिए न सिर्फ अलग अलग एजेंसियों को हायर कर रहे हैं, बल्कि ग्राउंड पर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ पार्टी के पदाधिकारी संपर्क कर रहे हैं और पूरी रिपोर्ट ले रहे हैं। प्रशांत किशोर को राजनीतिक सर्किल में पीके के नाम से जाना जाता है। उन्होंने अपनी कंपनी के जरिए कई बड़े चुनावी अभियानों को सफलता दिलाई है। 2014 में भाजपा के लिए रणनीति बनाई। 2015 में नीतीश कुमार को बिहार में जीत दिलाई। 2016 में कैप्टन अमरिंदर सिंह को पंजाब में विजय दिलाई। ममता बनर्जी की टीएमसी और एमके स्टालिन की डीएमके की सफलताओं में पीके की कंपनी की भूमिका अहम रही है। सूत्र बताते हैं कि दिसंबर 2025 में दिल्ली में अखिलेश और पीके की मीटिंग हुई थी। फिर जनवरी 2026 में जब अखिलेश पश्चिम बंगाल गए थे, तब भी दोनों के बीच लंबी चर्चा हुई। माना जा रहा है पीके पर्दे के पीछे रह कर अखिलेश यादव के चुनावी कैंपेन का पूरा काम देखेंगे। आई-पीएसी चुनावी अभियान के साथ साथ बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करना, वोटर टर्नआउट बढ़ाने के लिए ऐप-बेस्ड टूल्स का इस्तेमाल करने के साथ साथ विपक्षी पार्टियों की कमजोरियों पर फोकस करेगी।




### अखिलेश की सरकार बनाने को मशक्कत

### सपा के लिए 2027 का चुनाव करो-मरो वाला है

### पीके की कंपनी अखिलेश के लिए कैंपेन की स्ट्रैटजी बनाएगी

## हरिओम गुप्ता बने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई के वार्षिक चुनाव में सर्वसम्मति से हरिओम गुप्ता को ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया चुनाव अधिकारी गोविंद सिंह, पवन चौधरी, डॉ. कमल कौशिक, महावीर, छैलबिहारी, अंजना शर्मा एवं हेमराज सिंह आदि की देखरेख में प्रारंभ हुई। इसमें महामंत्री पद पर शैलेन्द्र परिहार, कोषाध्यक्ष कीर्ति लवानियां को सर्वसम्मति से चुना गया। जिला मीडिया प्रमुख गोवर्धन दास गुप्ता ने बताया इसमें विकास खण्ड के 400 शिक्षकों ने निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लिया।

## रंगभरनी होली महोत्सव पर पुष्प वर्षा में सराबोर हुई महिलाएं



धौलीप्याऊ महिला समिति के बैनर तले आयोजित रंगभरनी होली महोत्सव में शामिल महिलाएं।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** धौलीप्याऊ महिला समिति के बैनर तले"रंगभरनी होली महोत्सव" का आयोजन किया गया। पूरे समारोह में उत्साह, उमंग और परंपरा की छटा देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती अरुणा जौहरी, श्रीमती नीलम अग्रवाल, श्रीमती रचना अग्रवाल एवं श्रीमती रेखा ने दीप प्रज्वलित कर किया।

गणेश वंदना के साथ आरंभ हुए इस सांस्कृतिक आयोजन में मधुर गीत प्रस्तुतियाँ, आकर्षक मंच पदचालन, शिव-पार्वती नृत्य झांकी तथा राधा-कृष्ण होली नृत्य था। समारोह में फूलों की होली थी। पुष्प वर्षा के बीच प्रेम, एकता और सौहार्द का संदेश प्रसारित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## समाजवादी पीडीए साइकिल विजय यात्रा का मथुरा में स्वागत किया



समाजवादी पीडीए साइकिल विजय यात्रा की अगुवाई करने वाले कन्हैया निषाद के साथ मथुरा के सपाई।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कन्हैया निषाद द्वारा सामाजिक न्याय, संविधान की रक्षा और सपा की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए समाजवादी पीडीए साइकिल विजय यात्रा कुशी नगर से शुरू होकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से होकर आज मथुरा पहुंची। समाजवादी पीडीए साइकिल विजय यात्रा का औरंगाबाद स्थित अमर गार्डन और सपा नेता अनिल अग्रवाल के सौंख रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर समाजवादियों ने स्वागत किया। कन्हैया निषाद ने कहा कि 2027 में अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बन रही है। यात्रा के दौरान प्रदेश सचिव जागेश्वर यादव, सपा नेता अनिल अग्रवाल, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी, महानगर उपाध्यक्ष देवेन्द्र निषाद, छात्र सभा के महानगर अध्यक्ष रानू यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष सुरेश निषाद, पार्षद मुन्ना मलिक, राष्ट्रीय सचिव पवन चौधरी, संगम यादव, ब्रिजेश यादव, महानगर महासचिव अभिषेक यादव, सायल अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

बदलाव

## शादी में लिफाफा संस्कृति ठीक नहीं

# शादी के कार्ड पर स्पष्ट लिखा नहीं लाएं लिफाफा

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** आगरा में 25 मार्च की एक शादी है। कार्ड बांटना शुरू हो गया है। लिफाफे खोलते ही लोग कार्ड को देखते हैं और उनकी नजर नीचे लिखी लाइन पर जाती हैं तो चौंक जाते हैं। कार्ड में नीचे स्पष्ट लिखा है दहेज रहित शादी है। लिफाफा लेकर नहीं आएं। हम लिफाफा संस्कृति के विरोधी हैं। इस कार्ड में लिखी लाइन ने बड़ा संदेश दे दिया है कि अब बदलाव होने वाला है। किसी एक शिक्षाविद ने तो पहल की है। अब धीरे-धीरे और लोग भी उनके नक्शे कदम पर चलेंगे और लिफाफा संस्कृति का विरोध करने की हिमाकत करेंगे।

सोचने वाली बात है कि आज शादी का मतलब क्या रह गया है? चमक-दमक, स्टेज, डीजे, और सबसे ऊपर- लिफाफा कितना आया? जैसे रिश्ते नहीं, रसीदें गिनी जा रही हों। ऐसे समय में अगर आगरा के शिक्षाविद् डॉ. के.एस. राणा खुलकर लिफाफा संस्कृति का विरोध करते हैं, तो यह सिर्फ एक पारिवारिक निर्णय नहीं, बल्कि सामाजिक बयान है। देखिए, पहले शादी में लोग आशीर्वाद देने जाते थे। "शगुन" भावना का प्रतीक था, लेन-देन का हिसाब नहीं। लेकिन धीरे-धीरे यह एक तरह की सामाजिक टैक्स प्रणाली बन गई - "उन्होंने इतने दिए थे, अब हमें भी उतने देने हैं।" इस मानसिकता ने रिश्तों की गर्माहट को ठंडा कर दिया है। अगर किसी के कार्ड में साफ लिखा हो कि "लिफाफा न लाएं", तो यह मेहमानों को भी राहत देता है। कितने लोग दिल से खुश होते हैं, पर जेब के दबाव में परेशान रहते हैं। खासकर मध्यमवर्ग-जो दिखावे की दौड़ में सबसे ज्यादा पिसता है। डॉ. राणा बधाई के पात्र ही नहीं, बल्कि मिसाल हैं। समाज में बदलाव ऊपर से शुरू होता है।




शादी के कार्ड पर नीचे स्पष्ट लिखा है दहेज रहित शादी है। लिफाफा साथ न लाएं। हम लिफाफा संस्कृति के विरोधी है।

जब शिक्षित और जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग पहल करते हैं, तो संदेश दूर तक जाता है। हाँ, एक बात और-सिर्फ कार्ड में लिख देना काफी नहीं, मेहमानों को सहज महसूस कराना भी उतना ही जरूरी है।

अगर हम सच में आशीर्वाद की संस्कृति लौटाना चाहते हैं, तो व्यवहार में भी वही सरलता लानी होगी। कुल मिलाकर, यह कदम परंपरा तोड़ने का नहीं, परंपरा को शुद्ध करने का है। शादी को लेन-देन से निकालकर फिर से "बंधन" बनाना है-तो ऐसे साहसिक फैसलों की जरूरत है। आप क्या सोचते हैं-क्या समाज तैयार है लिफाफा संस्कृति छोड़ने के लिए, या अभी थोड़ा और समय लगेगा।

## तापमान / मौसम

30 डिग्री सेल्सियस अधिकतम

14 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम

## सोना-चांदी भाव

**सोना**

24 कैरेट 1,60,000

22 कैरेट 1,47,200

(रेट प्रति 10 ग्राम में, जीएसटी समेत)

**चांदी**

2,72,000 प्रति किलो

## आपातकालीन सेवाएं

| | |
|---|---|
| 112 | -आपातकालीन सेवा |
| 1962 | - रेलवे हेल्पलाइन |
| 100 | - पुलिस |
| 108 | - एंबुलेंस (स्वास्थ्य सेवा) |
| 102 | - एंबुलेंस (मातृ एवं शिशु सेवा) |
| 101 | - अग्निशमन (फायर ब्रिगेड) |
| 1090 | - महिला हेल्पलाइन |
| 1091 | - महिला पुलिस सहायता |
| 1098 | - चाइल्ड हेल्पलाइन |
| 104 | - स्वास्थ्य सलाह सेवा |
| 1076 | - मुख्यमंत्री हेल्पलाइन |
| 1033 | - राष्ट्रीय राजमार्ग आपात सेवा |
| 1073 | - सड़क दुर्घटना आपात सहायता |

पढ़िए वो जो पढ़ना चाहिए
यूनिक समय
www.uniquesamay.com

## शिक्षा क्षेत्र से अब समाज सेवा

# शेर शायरी से हर किसी को अपना बनाते हैं प्रो. केएम अग्रवाल

प्रमुख संवाददाता



**यूनिक समय, वृंदावन।** सरकारी नौकरी से सेवानिवृत्त होने के बाद प्रो केएम अग्रवाल ने समाजसेवा को अपना लक्ष्य चुना। इसी लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए वह कई संस्थाओं से जुड़े। वह कार्यक्रमों में बखूबी संचालन कर लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनते हैं। बीच-बीच में शेर शायरी करते हुए लोगों को अपना बनाने में कोई देर नहीं करते। शेर शायरी को सुनकर लोग तालियां भी बजाते हैं। वैसे बताते चलें कि प्रो. केएम अग्रवाल पी. एम. वी. पॉलीटेक्निक के प्राचार्य रह चुके हैं। उन्होंने हाई स्कूल, इंस्टमीडिएट, बी. एस सी. की सभी परीक्षाएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने के बाद बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी से बी. टेक. (मैकेनिकल इन्जीनियरिंग) की डिग्री ऑनर्स सहित 1970 में प्राप्त की।

आईएएस की परीक्षा में सफल होने के बाद रक्षा मंत्रालय आपकी नियुक्ति असिह मैनेजर पर क्लास आई गजटेड ऑफीसर के रूप में आर्डिनेंस फैक्ट्री कोलकाता में की गयी। लेकिन वह उसे छोड़?कर वृन्दावन वापस आ गये। स्थानीय पी.एम. वी. पॉलीटेक्निक में सेवाएं प्रदान करन प्रारम्भ किया। इसी संस्था में अपने कार्य व व्यवहार के तीन बार पदोन्नति प्राप्त की। प्राचार्य पद पर पहुंचे। चालीस वर्ष सेवा करने के बाद सेवानिवृत्त हुए। इस अवधि में श्री अग्रवाल ऑल इंडिया साईसिल आपके टैक्नीकल एजुकेशन के परामर्श समिति के सदस्य ,मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन संचालित कम्यूनिटी पौसी पविनक योजना के प्रोजेक्ट ऑफीसर रहे। साथ ही अनेक साक्षात्कार समितियों के विशेष सदस्य रहे।

सैकड़ों लोगों को रोजगार प्रदान किया। आप प्राविधिक शिक्षा परिषद, राजस्थान, दिल्ली, पंजाब तथा डीम्ड यूनिवर्सिटी दयाल बाग आगरा परीक्षक रहे हैं। साथ ही जी. एल. पॉली टैक्निक व दयाल बाद के विषय विशेषज्ञों को समिति के सदस्य रहे हैं। श्री अग्रवाल भारत गाइड एन्ड स्काउट एसोसियेशन, हंसराज महिला सिलाई केंद्र, जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वृन्दावन, नाइस क्लब, वृन्दावन विकास समिति, वृन्दावन बाल विकास मंच, भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, विश्व हिन्दू परिषद संस्कार भारती, श्री नाथ जी सेवा संस्थान आदि' से जुड़े होने के साथ-साथ आकाशवाणी मथुरा-वृंदावन के वार्ताकार भी है। उनका जीवन शिक्षा जगत के लिये समर्पित है। तकनीकी शिक्षा विद के रूप में मार्ग दर्शन प्रदान कर रहे हैं। समाज सेवा में उनकी भारी रुचि है।

### सड़क हादसे रोकने के लिए सरकार का कदम

# सेंसर से होगी अब गाड़ियों की फिटनेस

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** अब गाड़ियों की फिटनेस कराने के लिए आगरा जिले के ग्राम कीठम के पास निजी कंपनी के कार्यालय जाना होगा। इन लाइनों को पढ़कर चौकिये नहीं बल्कि हकीकत है। सरकार ने एआरटीओ कार्यालय से फिटनेस के काम को हटाकर निजी कंपनी को जिम्मेदारी सौंप दी हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह बढ़ते सड़क हादसे। सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए सरकार ने फिटनेस काम सेंसर से कराने का फैसला लिया। अब तक एआरटीओ ऑफिस में फिटनेस का काम कर्मचारी करते थे। सरकार को यह शंका थी कि कर्मचारियों के हाथ से फिटनेस सही ढंग से नहीं हो पाती थी। उसके पीछे सुविधा शुल्क की बू आ रही थी। जितनी अच्छी सुविधा उतनी जल्दी फिटनेस की रिपोर्ट मिल जाती थी। कर्मचारी और न ही मालिक को यह चिंता रहती थी, फिटनेस रिपोर्ट सही न होने से कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उनको तो अपने जेब गरम करने से मतलब था। सरकार ने सलाह मशविरा के बाद गाड़ियों की फिटनेस का काम निजी कंपनी को सौंपने का निश्चय किया। कंपनी सेंसर गाड़ियों की फिटनेस करेगी। यदि कोई कमी दिखाई देगी, तो वह पहले ठीक होगी, उसके बाद रिपोर्ट मिलेगी। कीठम के पास निजी कंपनी के ऑफिस में सेंसर सभी गाड़ियों में लगाया जाता है। सेंसर गाड़ियों की कमी को पकड़ेगा। फिर उसे दुरस्त करके एनओसी दी जाएगी। सरकार ने भले फिटनेस के लिए नई तकनीक का सहारा लिया है, लेकिन दूरी के कारण वाहन मालिकों की टेंशन बढ़ गई है। उनको अपने वाहनों को कीठम स्थित एटीएस (ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन) ले जाना पड़ रहा है। इससे वाहन चालकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है और ऊपर से टोल टैक्स भी देना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। जिले के गोकुल बैराज स्थित एआरटीओ कार्यालय में फिलहाल केवल ई–रिक्शा की फिटनेस जांच की जा रही है। कोसीकलां, नौहझील, छाता, गोवर्धन और बलदेव जैसे क्षेत्रों से कीठम तक 70 से 100 किलोमीटर तक की दूरी तय करनी पड़ेगी। वाहन मालिकों का कहना है कि वहां पहुंचने में ही कई घंटे लग जाते हैं। इसके अलावा रास्ते में टोल प्लाजा पर टोल टैक्स भी देना पड़ेगा। आने–जाने का टोल और डीजल–पेट्रोल का खर्च मिलाकर हमारा रूपया काफी खर्च हो जाएगा। कोसीकलां के राजेश कुमार ने कहा कि पहले मथुरा में ही फिटनेस हो जाती थी। अब कीठम जाना पड़ेगा टोल भी देना पड़ता है और पूरा दिन खराब हो जाता है। छोटे वाहन चालकों के लिए यह बहुत भारी पड़ रहा है। राया के इरफान अली का कहना है कि कीठम की दूरी काफी ज्यादा है। टोल और डीजल का खर्च अलग से। एक दिन की कमाई खत्म हो जाती है। सरकार को मथुरा में ही सुविधा शुरू करनी चाहिए थी। महावन के ट्रक चालक मुकेश यादव ने कहा कि कीठम में भीड़ बहुत रहती है। लाइन में काफी देन तक खड़े रहना पड़ता है। ऊपर से टोल देना पड़ता है। यह दोहरी मार है। बलदेव से धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हम रोज कमाकर परिवार चलाते हैं। एक दिन फिटनेस में चला गया तो आमदनी रुक जाती है। टोल का पैसा अलग देना पड़ता है। यह व्यवस्था ठीक नहीं है। सलीम खान ने कहा कि गोकुल बैराज एआरटीओ में सिर्फ ई–रिक्शा की फिटनेस हो रही है। बाकी वाहनों को बाहर भेजना सही नहीं है। इससे हजारों वाहन मालिक परेशान हैं। इतनी दूरी चलकर जाते हैं, इसके बाद भी जगह–जगह जाम मिलता है। सोनई के वाहन चालक हरिओम सिंह ने कहा कि गाड़ियों का फिटनेस दूसरे जिले में नहीं करना चाहिए दूसरे जिले में जाने के लिए समय भी लगता है।




### मथुरा जिले के लोगों की कीठम जाने से बढ़ रही हैं टेंशन

### अब सुविधा शुल्क के सहारे फिटनेस की नहीं मिलेगी रिपोर्ट




# होली से पहले सभी विकास काम पूरे हो जाएं: जगप्रवेश


मथुरा शहर में आज कामों का निरीक्षण करते नगर आयुक्त जगप्रवेश।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** रंगों के महापर्व होली से पहले नगर निगम ने शहर को नया लुक देने के लिए कमर कस ली है। नगर आयुक्त जग प्रवेश ने आज खुद सड़कों पर उतरकर प्रमुख तिराहों और चौराहों पर चल रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा और सभी प्रोजेक्ट्स को होली से पहले फाइनल टच दिया जाए। नगर आयुक्त ने मछली फाटक, स्टेट बैंक चौराहा, कंकाली देवी मंदिर मार्ग और भूतेश्वर तिराहा का दौरा किया। उन्होंने कार्यों की समीक्षा की। पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए सड़क किनारे पक्की टाइल्स। शहर को हरा–भरा दिखाने के लिए पौधरोपण। दीवारों पर ब्रज की संस्कृति को उकेरती हुई आकर्षक चित्रकारी। धूल और गंदगी से मुक्ति के लिए कच्चे पैच को पक्का करना। नगर आयुक्त ने केवल निर्माण ही नहीं बल्कि सड़कों की बाधाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रमुख मार्गों और चौराहों पर नियमित अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाए। नगर आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित अधिकारियों को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि होली का त्यौहार नजदीक है, ऐसे में कार्यों की गति बढ़ाई जाए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि यदि कार्यों में शिथिलता या लापरवाही पाई गई, तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह, अधिशासी अभियंता (निर्माण) अमरेंद्र गौतम, अवर अभियंता इमरान आदि उपस्थित थे।

# लापता बच्चे का शव गांव की पोखर में तैरता मिला

### घर के बाहर से चार दिन से था लापता

### बच्चे का शव मिलने से गांव में फैली सनसनी

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना रिफाइनरी के गांव बबूरी में चार दिन से घर के समीप से लापता बालक का शव गांव की पोखर में मिलने से सनसनी फैल गई। परिवार के लोग किसी अनहोनी की आशंका जाहिर कर रहे हैं। गांव बबूरी निवासी नरेश का पांच वर्षीय पुत्र गौरव 22 फरवरी की सायं करीब तीन बजे घर के बाहर खेल रहा था। बच्चे का इसके बाद पता नहीं लगा। परिवार के लोग उसे लगातार गांव में तलाश करते रहे लेकिन उसका कुछ पता नहीं लगा। बच्चे के इस तरह गायब होने से परिवार के लोग बेहद सदमे में थे। उनके मन में अनेक तरह के विचार आ रहे थे। आज प्रातः घर से करीब कुछ दूरी पर तालाब में बच्चे का शव तैरता मिला। बच्चे के शव को तैरता देख कर काफी संख्या में ग्रामीण वहां एकत्रित हो गए। परिवार के लोगों को भी इस बात का पता लगा तो वे भी पोखर पर पहुंच गए। बच्चे के शव को देख परिवार के लोगों की हालत खराब हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद ही इस बात का पता लगेगा कि बच्चे की मौत कैसे हुई है।

# विक्की को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, वृद्ध की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना महावन के मथुरा–बलदेव मार्ग पर गौशाला के समीप कचहरी से विक्की पर लौटते बाप–बेटे को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पीछे बैठे पिता की सड़क पर गिरकर मौत हो गई। थाना महावन के गांव नगला अचईया निवासी बनी सिंह (90) कल कोर्ट में किसी मिलने वाले की जमानत कराने के लिए आए थे। कोर्ट का काम निपटाने के बाद वह अपने बेटे रामप्रकाश के साथ विक्की से गांव के लिए लौट रहे थे। बताया गया कि रामप्रकाश की विक्की जैसे ही गौशाला के समीप पहुंची इसी बीच किसी वाहन ने विक्की को अपनी चपेट में ले लिया। विक्की पर पीछे बैठे बनी सिंह सिर के बल सड़क पर गिर गए।

सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पिता की मौत से रामप्रकाश सकते में आ गया। पिता की मौत के बारे में उसने परिवारीजनों को भी सूचना दी। दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# हाईवे पर दुर्घटना में ट्रक के क्लीनर की हुई मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत के राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटा छरौरा के समीप पैदल जाते एक व्यक्ति को किसी वाहन ने रौंद दिया, जिसकी अस्पताल पहुंचने से पूर्व मौत हो गई। शहर के जनरलगंज अंबाखार निवासी मान सिंह गोला किसी ट्रक पर क्लीनर का काम करता था। बताया गया कि वह आज प्रातः पैदल जा रहा था। हाईवे पर उसे किसी वाहन ने रौंद दिया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया।

सूचना पर पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को जिला अस्पातल की मोर्चरी में रखवा दिया। मृतक के परिवारीजनों को भी इस बारे में सूचना दे दी गई है।

## चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** जैंत पुलिस ने एक बाइक चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक चोरी की बाइक बरामद की है। उप निरीक्षक अमित कुमार व अंकुश चौधरी ने चेकिंग के दौरान भरतिया मार्ग पर एक बाइक सवार युवक को रोक लिया। पुलिस को देख कर युवक घबरा गया। पुलिस ने उससे कड़ाई से बाइक के कागजात मांगे। युवक ने पुलिस को बताया कि उसके पास जो बाइक है वो चोरी की है। पुलिस ने इस मामले में पैंगौर थाना कुम्हेर जिला भरतपुर निवासी युवक मान सिंह को गिरफ्तार कर लिया।



## करीब तीन माह बाद मिट्टी से निकल रहा राजा

# अब पकड़ रहा शीतगृह की राह



फरह क्षेत्र में आलू की खुदाई में लगे किसान।

संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** करीब तीन माह से मिट्टी में रहकर सेहत बना रहे आलू राजा अब बाहर निकलने लगे हैं। आलू खोदाई शुरू होते ही गांवों में सुबह चहकने लगी है, महिलाओं के टोल आलू खोदाई को घरों से निकलकर खेतों में जुटने लगे हैं। खेतों से निकलकर आलू अब शीतगृह की राह पकड़ने लगा है। अच्छी पैदावार से किसान भी खुश हैं।

क्षेत्र में इस बार आलू की अच्छी फसल हुई है। अब किसानों ने आलू की खोदाई शुरू कर दी है। बेहतर उपज निकलने से किसान उत्साहित हैं। आलू की गुणवत्ता अच्छी होने से किसान

### आलू खुदाई शुरू, गांवों में चहक रही सुबह

### सुबह से ही महिलाओं के टोल निकल पड़ते हैं गांवों में आलू खुदाई करने को

अच्छी कीमत मिलने की उम्मीद कर रहे हैं।

किसान अपनी उपज भंडारण के लिए शीतगृहों में भेज रहे हैं। क्षेत्र के गांव बिसू में सर्वाधिक आलू पैदावार होती है। वैसे, ब्लॉक के गांव रैपुरा जाट, भदाया, धानाजीवना, परखम समेत कई अन्य गांवों में भी आलू फसल होती है। अकेले बिसू गांव में करीब छह सौ बीघा से ज्यादा रकबा में आलू पैदावार होती है। वैसे, गांव बिसू को आलू उत्पादन का केंद्र माना जाता है। अब किसानों ने आलू फसल की खोदाई शुरू कर दी है। खुदाई में आलू की गुणवत्ता अच्छी निकलने से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। किसान अपनी उपज भंडारण के लिए सीधे शीतगृह भेज रहे हैं।

### किसान बोले



किसान भोमी सिंह का कहना है कि आलू फसल की खोदाई शुरू हो चुकी है। इस साल आलू की गुणवत्ता अच्छी निकल रही है। ग्रामीण मजदूरों को भी भरपूर रोजगार मिल रहा है।



किसान लच्छी ठाकुर का कहना है कि इस बार आलू की गुणवत्ता काफी अच्छी है। अब इस महीने गर्मी होने से वर्षा होने के आसार बन रहे हैं। ऐसे में फसल की खोदाई पूरी कराकर शीतगृह भेजने पर जोर है।

### महिलाओं को मिला रोजगार

**यूनिक समय, फरह।** आलू खोदाई से अब गांवों की महिलाएं खूब रोजगार पा रही हैं। पांच घंटे के काम के बदले एक महिला को तीन सौ रुपये मजदूरी भी मिल रही है। खेत स्वामी अपने ही ट्रैक्टर से महिलाओं को सुबह ही काम करने के लिए खेतों पर ले जा रहे हैं। गांवों में आलू की खोदाई शुरू होने से ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है।

### सता रहा मौसम का डर

**यूनिक समय, फरह।** आलू किसान मौसम खराब होने के डर से जल्द से जल्द खोदाई करके अपनी उपज का भंडारण करना चाहते हैं। किसानों को डर है कि वर्षा होने पर फसल खराब हो सकती है, जिससे उन्हें नुकसान हो सकता है।

# जानलेवा हमले में दो अभियुक्तों को नौ-नौ साल की कैद

### न्यायालय ने 30-30 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया

### अर्थदंड की आधी राशि घायल को दी जाएगी

**यूनिक समय, मथुरा।** अपर सत्र न्यायाधीश/ अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) कक्ष संख्या दो ब्रिजेश कुमार ने हत्या का प्रयास करने के मामले में दो अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए नौ-नौ साल के सश्रम कारावास और 30-30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश/ अतिरिक्त विशेष न्यायाधीश (पोक्सो एक्ट) कक्ष संख्या दो ब्रिजेश कुमार के न्यायालय में हुई। कोर्ट ने दोनों अभियुक्तों को दोषी ठहराते हुए दोनों अभियुक्तों को नौ साल के सश्रम कारावास और 30-30 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। इसके साथ ही अर्थदंड की आधी धनराशि घायल हुई महिला को दिए जाने के आदेश दिए।

# भाजपा सरकार के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



जिला मुख्यालय में धरना एवं प्रदर्शन करते कांग्रेसी।

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती एवं उनके शिष्यों के विरुद्ध दर्ज एफआईआर के विरोध में प्रदर्शन कर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कचहरी स्थित पेट्रोल पंप के समीप नारेबाजी की।

### प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा कि शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के विरुद्ध पॉक्सो अधिनियम के अंतर्गत दर्ज की गई एफआईआर से समाज में कई प्रश्न खड़े कर दिए है। आरोप लगाया कि स्वामी जी ने पूर्व में महाकुंभ मेले में हुई भगदड़ को लेकर राज्य सरकार की व्यवस्थाओं पर सवाल उठाए थे, जिसके बाद से उन्हें और उनके शिष्यों को प्रताड़ित किए जाने की घटनाएं सामने आईं। इस मौके पर मनोज गौड़, आदित्य तिवारी, ललिता देवी, गीता दिवाकर, रूपा लवानिया, अश्वनी शुक्ला, हरवीर सिंह पुंडीर, विपुल पाठक, दीपक पाठक, अप्रतिम सक्सेना, दुर्गेश बघेल, प्रवीन ठाकुर, शैलेंद्र चौधरी, भगवान देई, कुंवर सिंह निषाद, जिलानी कादरी, रमेश कश्यप, रवि वाल्मीकि, अशोक निषाद, महेश चौबे, निशु यादव, शैलेश यादव, इंद्रजीत गौतम, नसरुद्दीन अब्बासी, दिलीप वर्मा, गुड्डू, ललित, नीरज, मंजू, नेहा तथा सुमन आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम का तृतीय शिविर



गांधी पार्क में तृतीय शिविर के दौरान विद्यार्थी मुख्य अतिथि के साथ।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** आईओपी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम का तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन गाँधी पार्क में आयोजित किया। मुख्य अतिथि उप निरीक्षक स्मृति पंवार थी। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हेमेन्द्र कुमार ने किया। मुख्य अतिथि ने संबोधन में स्वच्छ भारत अभियान, स्वयं सेवकों को बेसिक डिजिटल, साइबर सिक्योरिटी, वितीय लेंन-देन, नारी सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए। महंत जी ने बच्चों को नैतिक जीवन मूल्य एवं आध्यात्म के विषय जानकारी प्रदान की।

# रुपये मांगने पर मजदूर की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** सदर बाजार क्षेत्र के दामोदरपुरा में मजदूरी के रुपये मांगने पर ठेकेदार द्वारा की गई मारपीट में दो लोगों की हुई मौत के मामले में ठेकेदार सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार गांव दामोदरपुरा में मजदूरी के पैसे मांगने के लिए गए हरिओम के साथ ठेकेदार सहित अन्य लोगों ने लाठी, डंडों ईंट से मारपीट की थी। उसे बचाने के लिए आए मनोज को भी मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। हरिओम ने अस्पताल पहुंचते-पहुंचते दम तोड़ दिया था। मनोज को आगरा भेज

### मृतक के भाई ने लिखाई चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

दिया गया। इस मामले में हरिओम के भाई ने ठेकेदार कल्ला, सुरेश, जीतेंद्र व उमाशंकर के खिलाफ थाना सदर बाजार में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर सिंह, उप निरीक्षक रामअवतार सिंह, उप निरीक्षक मोनू कुमार ने पुलिस टीम के साथ अभियुक्त कल्ला को औरंगाबाद के समीप स्थित वाटरवर्क्स के पास पुलिया से बीती रात गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त की गई लोहे की रोड बरामद की है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया।

# होली मिलन समारोह में झूमे अधिवक्ता व अधिकारी



होली मिलन समारोह में अधिवक्ता और अधिकारी।

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** दि मथुरा टैक्स बार एसोसिएशन के एक होटल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एडवोकेट राघवेन्द्र सिंह, एडवोकेट, मनोज कुमार शर्मा (महामंत्री), वरिष्ठ अधिवक्ता अरविन्द अग्रवाल, मानसिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, बलवंत सिंह, जीएसटी राज्य कर अधिकारी, आयकर अधिकारियों ने किया। समारोह में फूलों की होली एवं ब्रज के सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुत किए। साथ ही हुरियालों ने ब्रज के रसिया गाकर नाचने को मजबूर हो गए। इस मौके पर योगेश कुमार वर्मा, संतोष कुमार भोजवाल, हर्षल शर्मा, गौरांग खंडेलवाल, पन्नालाल मंगल, रामकुमार, विजय दुबे, राजीव सिंह तोमर, विकास शर्मा, रमा गोस्वामी, शालिनी चतुर्वेदी, विजय पाल सिंह, शुभम सिंह, पवन चौहान, डॉ. प्रवीण कुमार भास्कर, मुकेश बाबू, भानु प्रताप सिंह, गौरव गर्ग, लक्ष्य अग्रवाल एवं राजीव पाराशर आदि मौजूद थे।

## सावधान: देर रात तक मोबाइल चलाना सेहत पर है भारी

# मोबाइल की नीली रोशनी ने छीनी चैन की नींद

**यूनिक समय, मथुरा।** अगर आपकी आंखें रात के दो बजे भी ऐसे चमक रही हैं जैसे परीक्षा से पहले स्टूडेंट की, तो समझ जाइए कि "मोबाइल बाबू" ने आपकी नींद की छुट्टी कर दी है। डॉक्टरों का कहना है कि इन दिनों अनिद्रा यानी इनसोम्निया ऐसे बढ़ रही है, जैसे सेल में ऑनलाइन ऑर्डर। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. मुकेश जैन बताते हैं कि पहले लोग नींद न आने पर भेड़ें गिना करते थे, अब रील्स गिनते हैं। फर्क बस इतना है कि भेड़ें गिनते-गिनते नींद आ जाती थी, रील्स गिनते-गिनते सुबह हो जाती है। मोबाइल की नीली रोशनी दिमाग को यह संदेश देती रहती है कि "अभी दिन है, सोना मना है!" और बेचारा दिमाग भी आदेश का पालन करता रहता है। नतीजा? सुबह अलार्म बजता है, लेकिन शरीर कहता





है-"पांच मिनट और।" ऑफिस में जम्हाइयों की बरसात, घर में चिड़चिड़ापन और दिमाग में धुंध। डॉक्टरों के मुताबिक लगातार कम नींद लेने से तनाव, डिप्रेशन और हाई ब्लड प्रेशर जैसी समस्याएं भी दस्तक दे सकती हैं।

यानी रात की दोस्ती, दिन की दुश्मनी बन सकती है। मजेदार बात यह है कि हम सब जानते हैं-"बस ये आखिरी वीडियो"-सबसे बड़ा झूठ है। एक वीडियो के बाद दूसरा, फिर तीसरा...और देखते ही देखते घड़ी 3 बजा देती है। ऊपर से अंधेरे में स्क्रीन

### बढ़ा रहा अनिद्रा, चिड़चिड़ापन और डिप्रेशन का खतरा

देखने से आंखें भी नाराज हो जाती हैं। तो समाधान क्या है? डॉक्टरों की सलाह बड़ी सीधी है-समय से खाना खाइए, थोड़ी सैर कीजिए, सोते समय लाइट बंद कर दीजिए और मोबाइल को बिस्तर से दूर रखिए।

चाहें तो उसे दूसरे कमरे में "रात की छुट्टी" पर भेज दीजिए। सुबह जल्दी उठकर हल्का व्यायाम कीजिए, ताकि दिन भर ऊर्जा बनी रहे। याद रखिए, मोबाइल स्मार्ट हो सकता है, लेकिन आपकी सेहत उससे ज्यादा स्मार्ट होनी चाहिए। वरना एक दिन नींद सच में कह देगी-"अब मैं नहीं आऊंगी!"

# जीएलए के छात्रों ने 15 पदक जीत राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के छात्र खिलाड़ियों ने एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का प्रभावशाली परिचय दिया है। एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय खेल महोत्सव "शौर्य मंथन 26" में देशभर के 17 महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं खेल क्लबों के लगभग 400 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कड़े मुकाबलों और उच्च स्तरीय प्रतिस्पर्धा के बीच जीएलए विश्वविद्यालय के एथलेटिक्स क्लब, टेबल टेनिस क्लब तथा ई–स्पोर्ट्स टीम ने संतुलित, योजनाबद्ध और प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए कुल 15 पदक अर्जित किए और विश्वविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। एथलेटिक्स कोच भूपेंद्र कुमार मिश्रा के अनुसार इस प्रतिष्ठित खेल महोत्सव में जीएलए विश्वविद्यालय एथलेटिक्स क्लब ने



जीएलए विश्वविद्यालय के छात्र खिलाड़ियों ने जयपुर में आयोजित स्पोर्टस कार्यक्रम में प्रतिभाग कर विजय पताका लहराई। विजयी छात्रों के साथ हैं जीएलए के पदाधिकारी।

100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) में भूपेश शर्मा ने तेज गति और उत्कृष्ट तकनीक का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जबकि इसी स्पर्धा में गौतम ने कांस्य पदक जीतकर विश्वविद्यालय की पदक तालिका में महत्वपूर्ण योगदान दिया। 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) में स्नेहा त्यागी ने संतुलित और आत्मविश्वासपूर्ण प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अर्जित किया।

उंची कूद (बालक वर्ग) में धैर्य गोस्वामी ने शानदार छलांग लगाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया, जबकि हर्ष शेरावत ने निरंतरता और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए रजत पदक अपने नाम किया। एथलेटिक्स की अन्य स्पर्धाओं में भी जीएलए विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने सशक्त प्रदर्शन करते हुए कुल पदक संख्या को 3 स्वर्ण, 4 रजत और 3 कांस्य तक पहुंचाया, जिससे एथलेटिक्स में कुल 10 पदक सुनिश्चित हुए। एथलेटिक्स के अतिरिक्त, जीएलए विश्वविद्यालय के टेबल टेनिस क्लब के टेबल टेनिस कोच आकाश कुमार ने बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय की टीम ने कुल 4 पदक अर्जित किए, जिनमें 2 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक शामिल हैं। व्यक्तिगत स्पर्धा में हर्ष गुप्ता ने स्वर्ण पदक, आलोक यादव ने रजत पदक तथा मदन मोहन ने कांस्य पदक प्राप्त किया। टीम स्पर्धा में हर्ष गुप्ता एवं आदित्य शर्मा की जोड़ी ने स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में महत्वपूर्ण योगदान दिया। ई–स्पोर्ट्स में स्वर्णिम सफलता के बारे में जानकारी देते हुए एंड्रे बेंजामिन ने बताया कि ओजस, कृष्णा कुमार सेंगर, शिवम यादव और जतिन की टीम ने उत्कृष्ट समन्वय और रणनीतिक कौशल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता ने कहा कि "शौर्य मंथन 26" में जीएलए विश्वविद्यालय की यह उपलब्धि केवल पदकों की संख्या भर नहीं है, बल्कि यह संस्थान की सुदृढ़ खेल संरचना, अनुभवी प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यार्थियों को प्रदान की जा रही उच्च स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं और निरंतर प्रोत्साहन का प्रत्यक्ष प्रमाण है। राष्ट्रीय मंच पर 15 पदकों की यह सफलता यह दर्शाती है कि जीएलए विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ–साथ खेल क्षेत्र में भी निरंतर नई उंचाइयों को प्राप्त कर रहा है और देश के अग्रणी शिक्षण संस्थानों में अपनी सशक्त पहचान स्थापित कर चुका है। जीएलए विश्वविद्यालय के कुलसचिव अशोक कुमार सिंह एवं डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. हिमांशु शर्मा ने कहा कि हमारे खिलाड़ियों ने 'शौर्य मंथन 26' में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान की प्रतिष्ठा को राष्ट्रीय स्तर पर सुदृढ़ किया है। यह सफलता टीम भावना, नियमित अभ्यास और संस्थागत सहयोग का परिणाम है। भविष्य में भी जीएलए विश्वविद्यालय खेल क्षेत्र में नई उपलब्धियां अर्जित करता रहेगा। इस अवसर पर जेपी सिंह, अमित कुमार शर्मा, बृज बिहारी सिंह, आशीष राय, रितु जाट, श्याम नारायण, मनुदेव आर्य, राहुल उपाध्याय, सत्येंद्र तोमर, प्रिया तांगर सहित खेल विभाग के सभी सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

### ब्रज सेवा फाउंडेशन का 'ब्रज आनंद उत्सव'

# 'चका नैन' की रसधारा में सराबोर हुए श्रद्धालु



ब्रज सेवा फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'ब्रज आनंद उत्सव' में शामिल श्रद्धालु।

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज सेवा फाउंडेशन द्वारा 84 कोस यात्रा पूर्ण होने पर आयोजित 'ब्रज आनंद उत्सव' श्रद्धा, भक्ति और सांस्कृतिक चेतना का अनुपम संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम में इंद्रेश जी महाराज के सानिध्य में प्रस्तुत प्रसिद्ध भजन "चका नैन" ने श्रोताओं को भाव–विभोर कर दिया। भजन की मधुर रसधारा में श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। वहीं रेणुका पुंडरिक गोस्वामी द्वारा किया गया हरिनाम संकीर्तन पूरे वातावरण को दिव्यता से आलोकित कर गया। उपस्थित जनसमूह ने एक स्वर में नाम–स्मरण कर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। अपने उद्बोधन में इंद्रेश जी ने ब्रज की प्राचीन संस्कृति, परंपरा और ब्रजभाषा के संरक्षण का आह्वान किया तथा "ब्रज शब्दकोश" तैयार करने का सुझाव दिया, ताकि युवा पीढ़ी अपनी समृद्ध विरासत से जुड़ी रहे। इस अवसर पर नितिन बगिया, नीरज, चंद्र शेखर, तनु, राहुल बंसल, विशाल, इति, पवन, अभय गुप्ता, रश्मि, अमित, शिखा, हेमंत, अंकुर, ऋतु, अनूप, अनीषा, गौरव, विपुल, गुंजन, दुर्गेश, अभिषेक कसेरे, रोहित, श्वेता, तरुण, चैतन्य, रुद्राक्षी, पंकज, नेहा एवं योगिता, भावना सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ब्रजवासी उपस्थित रहे।

## सपा स्टार प्रचारक का राया में हुआ स्वागत

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** साइकिल पर विजय रथयात्रा पर निकले समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारक का यहां आगमन पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सपा नेता कन्हैया लाल निषाद पिछले नवम्बर माह में लखनऊ से साइकिल से विजय रथयात्रा को लेकर पूरे उत्तर प्रदेश में भ्रमण पर निकलकर पार्टी की नीति रीतियों से लोगो को जागरूक कर रहे हैं। मंगलवार की सायं विजय रथयात्रा के यहां पहुंचने पर नेहरू पार्क पर कार्यकर्ताओं ने दुपट्टा पहनाकर राधाकृष्ण की छवि देकर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सुभाष सैनी, कोमलसिंह चितोरिया, श्याम मोहन वर्मा, कपिल अग्रवाल, सभासद गीता वर्मा, राजेन्द्र चौधरी, मुकेश कुमार, चेतन सोलंकी, चंद्रपाल निषाद एवं अनूप निषाद आदि मौजूद थे।

## पाइप से मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना नौहझील पुलिस ने पाइप से पीट–पीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने अभियुक्त को पाइप के साथ गिरफ्तार किया है। गांव मसन्द गढ़ी में बच्चे के खेल खेल में हुए झगड़े में गुस्साए में चंद्रप्रकाश ने अपने ताऊ गंगा प्रसाद के गमझा गले में डाल कर दबा दिया। इसके बाद उसने लोहे की पाइप से अपने ताऊ और ताई को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में चंद्रप्रकाश को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मारपीट करने वाले पाइप को बरामद किया है।

## बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के नौ छात्रों का चयन



चयनित छात्र–छात्राओं के साथ संस्थान के चेयरमैन एवं अन्य पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** बी.एस.ए. कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के एमबीए अंतिम वर्ष की छात्राएं अदिति सक्सैना, स्नेहा गोयल, साक्षी अग्रवाल तथा छात्र ललित गौर, आयशू गौर, सहदैव शर्मा, विवेक राणा, आदित्य चौधरी एवं बीटेक मैकेनिकल इंजीनियरिंग के छात्र हर्ष अग्रवाल का बहुचर्चित कंपनी एयरफ्लो पीवीटी एलटीडी में चयन हुआ है। कंपनी हाई परफॉर्मेंस वेंटिलेशन एवं एयर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के क्षेत्र में कार्यरत है। चयनित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय टीएनपी विभागाध्यक्ष अमित अग्रवाल, एमबीए विभागाध्यक्ष गजेन्द्र गर्ग एवं मैकेनिकल विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार बाजपेयी को दिया। उन्होंने कहा कि संस्थान में उपलब्ध संसाधनों और मार्गदर्शन से उनकी प्रतिभा निखरी। संस्थान के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, वाइस चेयरमैन इं. नितिन मित्तल, निदेशक प्रो. (डॉ.) श्याम सुन्दर अग्रवाल तथा रजिस्ट्रार भगवान सिंह ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## श्री केशव देव मंदिर में 27 फरवरी को भव्य डोला शोभायात्रा



स्वर्ण जड़ित छवि के अनावरण के अवसर पर पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन श्री केशव देव मंदिर में 27 फरवरी को दोपहर 1 बजे विश्राम घाट स्थित गत्ताश्रम मंदिर से डोला शोभायात्रा निकाली जाएगी। ठाकुर श्री केशव देव जी महाराज डोले में विराजमान होकर भक्तों के साथ होली खेलते हुए डोली बाजार, चौक बाजार, मंडी रामदास, डीग गेट होते हुए जन्मभूमि के सामने से मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे। इसी क्रम में स्वर्ण जड़ित छवि का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सेवायतों एवं प्रबंध समिति सदस्यों द्वारा अनावरण किया गया तथा भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। मीडिया प्रभारी नारायण प्रसाद शर्मा ने बताया कि शोभायात्रा में बैंड–बाजे, ढोल–नगाड़े, रसिया भजन मंडली एवं फूलों की वर्षा के साथ श्रद्धालु शामिल होंगे। मंदिर प्रांगण में नंदगांव–बरसाना के हुरियारे एवं हुरियारिनों द्वारा लठ्ठामार होली का आयोजन भी होगा।

### के.डी. कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड पैरा मेडिकल साइंस में चार दिवसीय स्पर्धा–02 का आगाज

# स्वस्थ तन–मन के लिए छात्र–छात्राएं नियमित खेलें : कुलपति

**यूनिक समय, मथुरा।** केडी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंस में चार दिवसीय खेल प्रतियोगिता 'स्पर्धा–02' का शुभारम्भ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, डीन डॉ. आर.के. अशोका, प्राचार्या डॉ. एन.पी. चानू तथा उप प्राचार्य डॉ. गौरव त्यागी ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. लाहौरी ने कहा कि स्वस्थ तन और मन के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। छात्र–छात्राओं को प्रतिदिन किसी न किसी खेल में भाग लेना चाहिए, क्योंकि खेल अनुशासन, टीम भावना और चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा देते हैं।



मां सरस्वती पर माल्यार्पण के साथ स्पर्धा–02 का शुभारम्भ करते कुलपति डॉ. मनेष लाहौरी, डीन डॉ. आर.के. अशोका, प्राचार्या डॉ. एन.पी. चानू, उप प्राचार्य डॉ. गौरव त्यागी।

उन्होंने कहा कि शरीर और मन का संतुलन ही सफलता और आनंदमय जीवन का मूल मंत्र है।

डीन डॉ. आर.के. अशोका ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ खेलों का भी समान महत्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि हार से निराश न हों और जीत का घमंड न करें। खेल हमें समयबद्धता, धैर्य और सामूहिक कार्यशैली सिखाते हैं, जो

### हार से निराश न हों, जीत का घमंड न करें: डॉ. आरके अशोका

जीवन में सफलता के लिए जरूरी हैं। प्रो–चांसलर मनोज अग्रवाल ने अपने संदेश में प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल अब करियर निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुके हैं। स्पोर्ट्स ऑफिसर डॉ. सोनू शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में क्रिकेट, वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, शतरंज, एथलेटिक्स सहित कई स्पर्धाएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता का समापन 28 फरवरी को पारितोषिक वितरण के साथ होगा।

## हत्या के प्रयास में वांछित गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** जैंत पुलिस ने जमीनी रंजिश में हत्या का प्रयास करने के मामले में वांछित चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गांव जैंत निवासी विष्णु ने एक नवंबर 2025 को जमीनी रंजिश के चलते अपने विपक्षियों पर जानलेवा हमला किया था। इस मामले में हमलावरों के खिलाफ थाना जैंत में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। काफी समय से वह इस मामले में वांछित चल रहा था। उप निरीक्षक सुधीर राठी, केशव वशिष्ठ व सुरेश कुमार ने एक सूचना पर सन सिटी के समीप छापेमारी करके अभियुक्त विष्णु को गिरफ्तार कर उसके कब्जे हत्या के प्रयास में प्रयुक्त किया गया। देशी तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं।

### होली पर ठाकुर बांके बिहारी मंदिर व श्रीकृष्ण जन्मस्थान में होगी कड़ी सुरक्षा

# मंदिर परिसर को जोन और सेक्टर में बांटा गया

**कार्यालय संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मस्थान और बांके बिहारी मंदिर में 27 फरवरी को खेली जाने वाली होली को लेकर पुलिस प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। इसके साथ इन स्थानों पर आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए ट्रैफिक प्लान भी तैयार किया है। श्रद्धालुओं के साथ जबरन होली खेलने और अश्लीलता करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि बरसाना की लठ्ठामार होली के बाद 27

### ट्रैफिक की भी की गई है प्लानिंग

### पुलिस की एंटी रोमियो टीम को तैनात किया गया है

फरवरी को श्रीकृष्ण जन्मस्थान और वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर सहित अन्य मंदिरों में होली खेली जाएगी। इसके लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में होली का आनंद लेने और भगवान के दर्शन करने के लिए आएंगे। इन मंदिरों की जोन और सेक्टरों में बांट कर की जाएगी। पुलिस के अधिकारी और पुलिस व पीएसी को तैनात किया जाएगा।

इसके साथ ही महिलाओं से छेड़ खानी और जबरन होली खेलने वालों से सख्ती से निपटने के लिए पुलिस की एंटी रोमियो टीम को तैनात किया गया है। पुलिस की इस तरह व्यवस्था की गई है कि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। इसके लिए पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो। अगर कोई भी किसी तरह की परेशानी की शिकायत करता है तो तुरंत उसकी सहायता की जाए। उन्होंने बताया कि बांके बिहारी मंदिर और श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर होली के दिन ट्रैफिक को कंट्रोल करने के लिए डायवर्जन प्लान के साथ-साथ यहां आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं के वाहनो को पार्किंग में ही खड़ा कराया जाएगा।

# दस दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन




**यूनिक समय, मथुरा।** केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में "बकरी के दूध एवं मांस के प्रसंस्करण में गुणवत्ता और सुरक्षा के लिए नवाचार एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण" विषय पर आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। डॉ. अरुण कुमार वर्मा (वरिष्ठ वैज्ञानिक), डॉ. वी. राजकुमार (प्रधान वैज्ञानिक) तथा डॉ. तरुण पाल सिंह वैज्ञानिक व संस्था के निदेशक डॉ. मनीष कुमार चेटली ने प्रतिभागियों को भारत में बकरी पालन की वर्तमान स्थिति' और 'बकरी दूध प्रसंस्करण की चुनौतियाँ' पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि प्रो. (डॉ.) विकास पाठक, अधिष्ठाता, पशुचिकित्सा महाविद्यालय, दुवासु, मथुरा; डॉ. पी. नरेंद्र राजू, आईसीएआर-राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल; तथा डॉ. ऋतुपर्णा बनर्जी, आईसीएआर-राष्ट्रीय मांस अनुसंधान संस्थान हैदराबाद शामिल रहे। इस अवसर पर पशु पोषण प्रबंधन एवं उत्पाद प्रौद्योगिकी प्रभाग के अध्यक्ष सहित विभिन्न प्रभागों के अध्यक्ष, प्रधान वैज्ञानिक, वरिष्ठ वैज्ञानिक, वैज्ञानिक, तकनीकी अधिकारी एवं परियोजना से जुड़े कर्मचारी उपस्थित थे। देश के नौ राज्यों के विभिन्न संस्थानों से आए कुल 15 शिक्षाविदों एवं शोधकर्ताओं ने प्रशिक्षण में भाग लिया।

# जेसी मथुरा सिटी ने मनाया फाग महोत्सव



कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा शहर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था जेसी मथुरा सिटी ने स्थानीय होटल में होली के अवसर पर पारिवारिक कार्यक्रम 'फाग महोत्सव' बड़े धूमधाम से आयोजित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के अध्यक्ष, मंत्री और कोषाध्यक्ष द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने ब्रज की होली भजनों का आनंद लिया और महिलाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। फूलों की होली, लठ्ठमार होली और देवर-भाभी के खेलों के माध्यम से उत्सव का रंगारंग माहौल बना। इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष सिंघल, सचिव गोविंद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष तन्मय खंडेलवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### सिपाही ने वेंडर से मारपीट की

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या आठ पर स्टॉल चलाने वाले रेलवे के वेंडर के साथ जीआरपी थाने के सिपाही ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। इससे वेंडर इतना दुखी है कि वह आत्महत्या करने तक की धमकी दे रहा है। मथुरा जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या आठ पर कृष्णा फॉडस की स्टॉल है। स्टॉल पर चाय भी मिलती है। स्टॉल पर जीआरपी का एक सिपाही चाय के लिए पहुंचा चाय को लेकर उसका स्टॉल पर खड़े युवक से नोकझोक हो गई। इस पर सिपाही ने वेंडर के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। बाद में सिपाही वहां से चला गया। सिपाही द्वारा की गई मारपीट से वेंडर इतना आहत है कि उसने आत्महत्या करने की चेतावनी दी है।

### नगर निगम का कड़ा एक्शन

# अवैध होर्डिंग्स व अतिक्रमण के विरुद्ध व्यापक अभियान



अवैध होर्डिंग्स और अतिक्रमण को हटाती नगर निगम की टीम।

**प्रमुख संवाददाता**

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा-वृंदावन नगर निगम के नगर आयुक्त जगप्रवेश निर्देश के अनुपालन में नगर निगम प्रवर्तन टीम ने शहर के विभिन्न प्रमुख स्थलों पर अवैध होर्डिंग्स एवं अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना, सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देना तथा सार्वजनिक स्थलों

### मथुरा, वृंदावन और लक्ष्मीनगर में कार्रवाई

को अतिक्रमण मुक्त करना रहा। प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल आर.के. सिंह की अगुवाई में छटीकरा, मल्टी लेवल पार्किंग, हनुमान तिराहा, अटल्ला चुंगी आदि क्षेत्रों में अभियान चलाया गया।

इस दौरान सड़क एवं फुटपाथ पर अवैध रूप से लगाए गए 35 ढकेल जब्त कर नगर निगम में जमा कराए गए। 87 अवैध होर्डिंग्स को हटाने की कार्रवाई की गई। इसी क्रम में प्रवर्तन टीम की दोनों इकाइयों ने मच्छी फाटक से स्टेट बैंक चौराहा, नया बस स्टैंड, बीएसए कॉलेज रोड, भूतेश्वर तिराहा, डींग गेट, मसानी चौराहा एवं बिरला मंदिर तक अभियान चलाकर 44 अवैध होर्डिंग्स हटवाए गए।

साथ ही 01 लकड़ी की बेंच, 04 टायर, 02 प्लाई बोर्ड एवं 02 अन्य बोर्ड सहित विभिन्न सामान जब्त कर नगर निगम में जमा कराया। लक्ष्मी नगर स्थित नगला कोल्हू क्षेत्र में नगर निगम की लगभग 1000 वर्ग गज भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई की गई। वहां निर्मित अवैध झोपड़ियां एवं अस्थायी ढांचे हटवाए गए तथा शेष अतिक्रमण को स्वयं हटाने हेतु संबंधित व्यक्तियों को 02 दिन का समय प्रदान किया गया है।

# इनर व्हील क्लब मथुरा का होली मिलन समारोह



कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं।

**यूनिक समय, मथुरा।** इनर व्हील क्लब मथुरा द्वारा आयोजित होली मिलन कार्यक्रम स्थानीय होटल में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत राधा-कृष्ण की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन से हुई। क्लब अध्यक्ष शिल्पी गर्ग ने अतिथियों का स्वागत किया और होली की शुभकामनाएँ दीं। क्लब ने सामाजिक योगदान के रूप में महाराजा सैनी जूनियर हाईस्कूल को वाटर डिस्पेंसर प्यूरीफायर भेंट किया। इस अवसर पर वाइस प्रेसिडेंट पद पर निर्वाचित श्रीमती सोनम बंसल का पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में वनीशा गर्ग और अर्चि अग्रवाल द्वारा नृत्य प्रस्तुतियाँ दी गईं, जबकि शिल्पी गर्ग, दीपा भार्गव, मीनाक्षी अग्रवाल, बबीता खन्ना, नीलम गोयल और अन्य सदस्यों ने गायन और नृत्य के माध्यम से रंगारंग माहौल बनाया। सचिव दीपा भार्गव द्वारा लकी ड्रॉ निकाले गए, जिसने उत्साह बढ़ाया।

पीडीसी लता गोयल ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का सफल संचालन मधुबाला गर्ग ने किया और अंत में मीनाक्षी अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# निगम के अधिकारियों ने किया नई 33 केवी लाइन का निरीक्षण



नई 33 केवी लाइन का निरीक्षण करते अधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन के भरतिया बिजलीघर से मसानी बिजलीघर तक नई 33 केवी लाइन निर्माण का निरीक्षण निगम के अधिकारियों ने किया। अधीक्षण अभियंता शहरी मुदित तिवारी ने एक्सईएन आशीष गुप्ता, अनिल कुमार, आगरा के अमित श्रीवास्तव, एसडीओ शुभम अग्रवाल और जेई संजय गोला के साथ साइट का जायजा लिया। इंजीनियरों ने बताया कि लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है और जल्द ही पूरी लाइन तैयार हो जाएगी। इससे

### अधिकारियों ने दिए दिशा-निर्देश

क्षेत्र में बिजली आपूर्ति में सुधार की उम्मीद है। पूर्व में हाईवे द्वारा एनओसी न मिलने के कारण कार्य रुक गया था, जिसे अब सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा और राजमार्ग अधिकारियों के समन्वय से प्राप्त कर लिया गया है। एसई शहरी ने अधीनस्थ अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और आवश्यक दिशा-निर्देश पालन करने के आदेश दिए।

# सूर श्याम गौशाला पर लगा तृतीय राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर

**संवाददाता**

**यूनिक समय, गोवर्धन।** श्री बाबू लाल महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के स्वयंसेवकों ने परासौली स्थित सूर श्याम गौशाला में तृतीय एक दिवसीय शिविर लगाया। विद्यार्थियों ने सूर कुटी में श्रमदान कर स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त किया। सूरदास के जीवन चरित्र के बारे में जानकारी प्राप्त की।

वानप्रस्थ धाम के संस्थापक और कथा वाचक डॉ. चतुर नारायण पाराशर महाराज ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। ब्रज साहित्य परिषद न्यास के महामंत्री कवि हरी बाबू ओम ने डॉ चतुर नारायण पाराशर का स्वागत किया। कवि हरी बाबू ओम ने अपनी कविता पाठ किया। सूर श्याम गौशाला स्थित कथा पंडाल में सभी विद्यार्थियों ने सफाई की।

एक नुक्कड़ नाटक का मंचन किया। अध्यक्षता सूर श्याम सेवा संस्थान के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं महामंत्री रिटायर्ड बी आर सी हरस्वरुप शर्मा ने की। सूर श्याम सेवा संस्थान के कोषाध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने विद्यार्थियों को नियम, संयम और लक्ष्य को निर्धारित करने की बात पर जोर दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ धीरज कौशिक ने आभार जताया।

## सुविचार

सफलता मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण अंग होता है, जो केवल परफेक्शन और प्रयास से ही मिलती है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | दशमी | 01:46-12:40 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | रोहिणी | 02:32-02:15 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | | 06:54 AM | चन्द्रोदय | 01:16 AM |
| सूर्यास्त | | 06:24 PM | चंद्रास्त | 03:35 PM |
| सूर्य राशि | | कुंभ राशि | चंद्र | मिथुन राशि |
| शुभ मुहूर्त | 12:08PM -12:50 PM | | ब्रहम् मुहूर्त | 05:018-06:05 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | 02:05 PM:2 : 03:32 PM | | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# होली से पहले बुध वक्री का असर इन राशियों को मिलेगा धन लाभ



**यूनिक समय, मथुरा।** 26 फरवरी को दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर बुध मीन राशि में वक्री होंगे और 20 मार्च की रात 1 बजकर 2 मिनट पर मार्गी हो जाएंगे। ज्योतिष शास्त्र में बुध को बुद्धि, वाणी, व्यापार और तर्कशक्ति का कारक माना गया है। बुध के वक्री होने का प्रभाव सभी 12 राशियों पर अलग-अलग रूप में देखने को मिलेगा। होली से पहले कुछ राशियों के लिए यह समय विशेष लाभकारी रहने वाला है।

**वृष राशिः** बुध आपके ग्यारहवें भाव में वक्री होंगे, जो आय और इच्छापूर्ति का स्थान है। इस दौरान अचानक धन लाभ के योग बनेंगे। आमदनी में बढ़ोतरी होगी और लंबे समय से अटकी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। शुभ फल बनाए रखने के लिए गले में तांबे का सिक्का धारण करना लाभकारी रहेगा।

**कुंभ राशिः** बुध दूसरे भाव में वक्री होकर धन संबंधी मामलों में मजबूती देंगे। अचानक आर्थिक लाभ मिल सकता है। करियर में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। बौद्धिक क्षमता बढ़ेगी और नए अवसर मिलेंगे। अपने पास चांदी की कोई वस्तु रखना शुभ रहेगा।

**कर्क राशिः** बुध नवें भाव में वक्री होकर भाग्य का साथ दिलाएंगे। मेहनत का पूरा फल मिलेगा और आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। कार्यक्षेत्र में प्रगति के योग बनेंगे। हरे रंग की वस्तुओं का उपयोग कम करना शुभ रहेगा।

**मेष राशिः** खर्चों में बढ़ोतरी हो सकती है। आय–व्यय का संतुलन बनाए रखें और पीला धागा धारण करें।

MANNAT
GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

**मिथुन राशिः** करियर में हल्की रुकावटें आ सकती हैं। मां दुर्गा की उपासना लाभकारी रहेगी।

**सिंह राशिः** शारीरिक-मानसिक रूप से मजबूती रहेगी। बुधवार को शहद मिट्टी के बर्तन में भरकर जमीन में दबाना शुभ रहेगा।

**कन्या राशिः** दांपत्य जीवन में नोकझोंक संभव है। हरे मूंग का दान करें।

**तुला राशिः** शत्रुओं पर विजय मिलेगी और मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा। किसी कन्या का आशीर्वाद लेकर कार्य प्रारंभ करें।

**वृश्चिक राशिः** पढ़ाई और प्रेम संबंधों में सफलता मिलेगी। गाय की सेवा शुभ रहेगी।

**धनु राशिः** भूमि–भवन के मामलों में मेहनत अधिक करनी होगी। केसर का तिलक लगाएं।

**मकर राशिः** भाई–बहनों का सहयोग मिलेगा और आर्थिक स्थिति संतुलित रहेगी। फिटकरी से दांत साफ करना लाभकारी रहेगा।

**मीन राशिः** मान–सम्मान में वृद्धि के योग हैं, लेकिन वाणी पर संयम रखें। हरी वस्तुओं का दान करें। कुल मिलाकर बुध वक्री का यह दौर कुछ राशियों के लिए धन और तरक्की लेकर आएगा, जबकि अन्य को सावधानी और उपायों के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी जाती है।

## नए साल का व्रत–त्योहार कैलेंडर

- 27 फरवरी, दिन शुक्रवारः आमलकी एकादशी
- 1 मार्च, दिन रविवारः रवि प्रदोष व्रत
- 3 मार्च, दिन मंगलवारः फाल्गुन पूर्णिमा
- 4 मार्च, दिन बुधवारः होली
- 6 मार्च, दिन शुक्रवारः भालचन्द्र संकष्टी
- 15 मार्च, दिन रविवारः पापमोचनी एकादशी
- 16 मार्च, दिन सोमवारः सोम प्रदोष व्रत
- 17 मार्च, दिन मंगलवारः चैत्र मासिक शिवरात्रि
- 19 मार्च, दिन बृहस्पतिवारः चैत्र अमावस्या, चैत्र नवरात्रि प्रारंभ
- 22 मार्च, दिन रविवारः वासुदेव चतुर्थी
- 26 मार्च, दिन गुरुवारः राम नवमी
- 29 मार्च, दिन रविवारः कामदा एकादशी
- 30 मार्च, दिन सोमवारः सोम प्रदोष व्रत

## कल का राशिफल

**मेष राशि :** मेष राशि वालों के लिए मेहनत का दिन होगा, घर में काम बढ़ने वाला है। परिवार के लोग आपकी सलाह को सुनेंगे लेकिन मानें यह जरूरी नहीं हैं इसलिए बहुत अधिक दूसरों पर दबाव बनाने से बचें।

**वृष राशि :** वृषभ राशि वालों के लिए माता–पिता का सहयोग और आशीर्वाद काफी मामलों में सहायक बन सकता है। इस समय आप छोटी–छोटी बातों पर ज्यादा सोचने से बचें और काम में शामिल रहें।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि वालों के लिए अचानक किसी मेहमान के आने से सरप्राइज मिल सकता है। दोस्तों के साथ बाहर जाने या घूमने का मौका भी मिलेगा।

**कर्क राशिः** कर्क राशि वालों को इस समय थोड़ा शांत रहने की जरूरत होगी इस समय काम करना तनाव को दिखा सकता है बड़ों की ओर से ज्यादा बातें आपके लिए समस्या वाली हो सकती हैं।

**सिंह राशि :** सिंह राशि वालों के लिए दिन का समय आपके लिए मिले जुले असर दिखा सकता है। कुछ कामों को करने में आप जिद या कठोर भी हो सकते हैं।

**कन्या राशि :** कन्या राशि वालों को छोटी यात्राओं के योग बन रहे हैं और ये यात्राएं लाभदायक हो सकती हैं।

**तुला राशि :** तुला राशि वालों के लिए आपके व्यक्तित्व को निखारने वाला रह सकता है। आप पुरानी गलतियों को सुधारने की कोशिश भी कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि :** वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन की स्थिति रहेगी आप को लोगों के साथ मेलजोल देने वाली।

**धनु राशि :** धनु राशि वाले कुछ मल्टीटास्किंग से रहेंगे यानी की एक साथ कई अन्य कामों को करना आप के लिए खास रहने वाला है।

**मकर राशि :** मकर राशि वालों को मेहनत का फल मिलेगा। लेकिन धैर्य की जरूरत है। कार्यस्थल पर मान-सम्मान बढ़ेगा, आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

**कुंभ राशि :** कुंभ राशि वालों के लिए घर में माहौल कुछ भावनाओं की अधिकता को दिखाने वाला हो सकता है।

**मीन राशि :** मीन राशि वालों के लिए कुछ बातों में आप को आगे रखने वाला है। घर पर खाने पीने या सजावट को लेकर व्यस्तता अधिक ही बनी रहने वाली है।

# नरसिंह द्वादशी 2026: जानें तिथि, पारण समय और पूजा विधि



**यूनिक समय, मथुरा।** हिंदू धर्म में नरसिंह द्वादशी आस्था और धर्म की विजय का प्रतीक पर्व माना जाता है। यह दिन भगवान विष्णु के चौथे अवतार भगवान नरसिंह को समर्पित है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से व्रत और पूजा करने पर भय, बाधाएं और कष्ट दूर होते हैं तथा साहस और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है।

**धार्मिक महत्व–** फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को यह पर्व मनाया जाता है। पौराणिक कथा के अनुसार, भगवान नरसिंह ने अपने परम भक्त प्रह्लाद की रक्षा के लिए अत्याचारी असुर राजा हिरण्यकश्यप का वध किया था। उनका स्वरूप आधा मनुष्य और आधा सिंह का था। यह अवतार इस बात का प्रतीक है कि जब-जब धर्म पर संकट आता है, तब ईश्वर स्वयं अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतरित होते हैं।

**नरसिंह द्वादशी : तिथि और शुभ मुहूर्त–** हिंदू पंचांग के अनुसार, फाल्गुन शुक्ल द्वादशी तिथि 27 फरवरी को रात्रि 10:32 बजे आरंभ होगी और 28 फरवरी को रात 08:43 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि के आधार पर मुख्य व्रत 28 फरवरी को रखा जाएगा। द्वादशी पारण का समय 1 मार्च को प्रातः 6:21 बजे से 8:41 बजे तक रहेगा।

**पूजा विधि–** प्रातः सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करें और पीले वस्त्र धारण करें। घर के मंदिर में भगवान नरसिंह की प्रतिमा या चित्र स्थापित करें; उपलब्ध न होने पर भगवान विष्णु की पूजा भी की जा सकती है। पूर्व या उत्तर दिशा की ओर मुख करके पंचामृत से अभिषेक करें। इसके बाद पीले पुष्प, अक्षत, फल, मिष्ठान और धूप-दीप अर्पित करें। पूजा के दौरान विष्णु सहस्त्रनाम या नरसिंह स्तोत्र का पाठ करना अत्यंत शुभ माना जाता है। अंत में आरती कर प्रसाद वितरित करें।

# राहु की कृपा : इन तीन राशियों को कष्ट से उबारते हैं राहु




**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिष शास्त्र में राहु को शक्तिशाली और रहस्यमयी ग्रह माना जाता है। इसे कलयुगी ग्रह भी कहा जाता है क्योंकि यह अचानक बदलाव, भ्रम, उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित घटनाओं का कारक है। कुंडली में राहु की स्थिति मजबूत हो तो व्यक्ति को अचानक धन लाभ, राजनीतिक या तकनीकी क्षेत्र में सफलता और विदेशी संपर्कों से लाभ मिल सकता है। हालांकि राहु का नाम सुनते ही लोग डर जाते हैं, लेकिन कुछ राशियों पर इसकी विशेष कृपा रहती है।

**राहु का सामान्य प्रभाव–** राहु को भ्रम, लालच, त्वचा संबंधी रोग, विदेश यात्रा और राजनीति से जुड़ा ग्रह माना जाता है। यह व्यक्ति के जीवन में अचानक परिवर्तन लाता है। यदि राहु शुभ स्थिति में हो तो जातक को असाधारण सोच, रणनीतिक क्षमता और कठिन परिस्थितियों से निकलने की ताकत देता है।

**मिथुन राशि–** ज्योतिष मान्यता के अनुसार राहु मिथुन राशि में उच्च का माना जाता है। इस स्थिति में राहु अत्यंत प्रभावशाली होता है। मिथुन राशि के जातक चतुर, बुद्धिमान और परिस्थितियों को अपने पक्ष में करने वाले होते हैं। राहु की कृपा से इन्हें करियर और व्यापार में तेजी से सफलता मिलती है तथा मुश्किल हालात में भी ये रास्ता निकाल लेते हैं।

**कन्या राशि–** कन्या राशि राहु की मित्र राशि मानी जाती है। इस राशि के लोग विश्लेषण क्षमता में मजबूत और निर्णय लेने में सावधान होते हैं। राहु की अनुकूल दृष्टि से इन्हें सही समय पर सही निर्णय लेने की शक्ति मिलती है, जिससे जीवन में स्थिर सफलता प्राप्त होती है।

**कुंभ राशि–** कुंभ राशि पर भी राहु की विशेष अनुकंपा मानी जाती है। ऐसे जातकों को अचानक धन लाभ, नई संभावनाएं और इच्छापूर्ति के अवसर मिलते हैं। संकट की घड़ी में राहु इनका साथ देता है और बाधाओं से उबारने में मदद करता है। इस प्रकार राहु जहां एक ओर चुनौतियां देता है, वहीं इन राशियों के लिए समय-समय पर उन्नति और संरक्षण का कारण भी बनता है।

सम्पादकीय

# नये भारत की नई 'प्रहार' नीति: आतंक के हर रूप पर संगठित और आक्रामक वार

भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने देश की पहली समग्र आतंक विरोधी नीति जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब आतंकवाद से लड़ाई बिखरे हुए प्रयासों से नहीं, बल्कि एकीकृत और आक्रामक ढांचे के तहत लड़ी जाएगी। इस नीति का नाम 'प्रहार' रखा गया है, जो संकेत देता है कि भारत अब केवल रक्षात्मक प्रतिक्रिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि खतरे की पहचान कर समय रहते निर्णायक कदम उठाएगा। नीति दस्तावेज में साफ कहा गया है कि भारत को सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद के साथ–साथ साइबर हमलों, ड्रोन के दुरुपयोग और उभरती तकनीकों से होने वाले खतरों का सामना करना पड़ रहा है। अब आतंक केवल बंदूक और बारूद तक सीमित नहीं है, बल्कि की–बोर्ड, कोड, एन्क्रिप्शन टूल और क्रिप्टोवॉलेट तक फैल चुका है। अपराधी हैकर और शत्रु राष्ट्र साइबर हमलों के जरिये महत्वपूर्ण ढांचों को निशाना बना रहे हैं।



पवन गौतम
संपादक

जल, थल और नभ-तीनों मोर्चों पर सुरक्षा को मजबूत करने की बात कही गई है। बिजली, रेल, विमानन, बंदरगाह, रक्षा, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्जा जैसे संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया गया है, ताकि राज्य और गैर-राज्य तत्वों की साजिशों को समय रहते विफल किया जा सके। नीति में यह स्पष्ट किया गया है कि भारत आतंकवाद को किसी धर्म, जाति या राष्ट्रीयता से नहीं जोड़ता। लेकिन सीमा पार से प्रायोजित जिहादी संगठनों और उनके सहयोगियों की साजिशों का उल्लेख कर मुस्लिम देश जैसे वैश्विक आतंकी नेटवर्क का नाम भी लिया गया है। इन संगठनों द्वारा स्लीपर सेल और डिजिटल माध्यमों से हिंसा भड़काने की कोशिशों पर विशेष निगरानी की बात कही गई है। पंजाब और जम्मू-कश्मीर जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन के जरिये हथियार और मादक पदार्थ गिराने की घटनाओं ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ाई है। नीति में रासायनिक, जैविक, विकिरण, परमाणु, विस्फोटक और डिजिटल सामग्री तक आतंकी पहुंच को रोकने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। सोशल मीडिया, डार्क वेब और एन्क्रिप्टेड प्लेटफॉर्म के जरिये होने वाली फंडिंग और प्रचार को भी कड़ाई से नियंत्रित करने की रणनीति शामिल है। आतंक से जुड़े मामलों में एफआईआर से लेकर अभियोजन तक कानूनी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए विशेषज्ञों को शामिल करने की सिफारिश की गई है, ताकि अदालतों में दोषियों को सख्त सजा सुनिश्चित की जा सके। कट्टरपंथ की चुनौती से निपटने के लिए चरणबद्ध पुलिस कार्रवाई, पुनर्वास कार्यक्रम और जेलों में डि-रेडिकलाइजेशन पहल का प्रावधान भी किया गया है। समुदाय और धार्मिक नेताओं की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया गया है। पिछले वर्षों में सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक जैसे कदमों के बाद 'प्रहार' नीति उस सोच को संस्थागत रूप देती है कि नया भारत हमले का इंतजार नहीं करता, बल्कि खतरे की पहचान कर पहले ही प्रहार करता है। यह नीति कानून, तकनीक और समाज-तीनों को जोड़ते हुए बहुआयामी आतंक के खिलाफ एक समन्वित और सशक्त रणनीति प्रस्तुत करती है। 'प्रहार' स्पष्ट संदेश है कि राष्ट्रीय सुरक्षा अब प्रतिक्रियावादी नहीं, बल्कि सक्रिय और पूर्व-सक्रिय दृष्टिकोण पर आधारित होगी।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

नजरिया

# भारतीय आकाश को अभेद्य कवच बनाने की दिशा में बड़ा कदम
## इजरायल सहयोग और आयरन बीम पर भारत की नजर

नीरज कुमार दुबे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा को केवल एक कूटनीतिक दौरे के रूप में नहीं देखा जा रहा, बल्कि इसे भारत की दीर्घकालिक सामरिक सुरक्षा रणनीति के महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में समझा जा रहा है। बदलते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य, ड्रोन और मिसाइल आधारित हमलों के बढ़ते खतरे तथा तकनीकी युद्ध के नए आयामों के बीच भारत अपनी वायु रक्षा प्रणाली को अधिक प्रभावी, सटीक और किफायती बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसी संदर्भ में इजरायल की अत्याधुनिक आयरन बीम लेजर प्रणाली पर भारत की विशेष नजर है। यह संभावित सहयोग भारतीय आकाश को एक बहुस्तरीय, तकनीकी रूप से उन्नत और लगभग अभेद्य सुरक्षा कवच में बदल सकता है। आयरन बीम एक उच्च ऊर्जा लेजर आधारित वायु रक्षा प्रणाली है, जिसे विशेष रूप से कम दूरी के खतरों–जैसे ड्रोन, रॉकेट, मोर्टार और छोटे प्रक्षेपास्त्रों-को निष्क्रिय करने के लिए विकसित किया गया है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता इसकी लागत-प्रभावशीलता है।

पारंपरिक मिसाइल इंटरसेप्टर प्रणालियों में प्रत्येक अवरोधन पर लाखों डॉलर का खर्च आ सकता है, जबकि लेजर आधारित अवरोधन की लागत बेहद कम मानी जाती है। आधुनिक युद्ध में जहां ड्रोन झुंड जैसे हमले आम हो रहे हैं, वहां कम लागत में निरंतर अवरोधन की क्षमता अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। इजरायल की प्रसिद्ध आयरन बीम प्रणाली पहले से ही कम दूरी के रॉकेट और मिसाइलों को इंटरसेप्ट करने में प्रभावी रही है। आयरन बीम को आयरन डोम के पूरक के रूप में विकसित किया गया है, ताकि लेजर तकनीक के माध्यम से छोटे और तेज खतरों को तुरंत निष्क्रिय किया जा सके। यदि यह प्रणाली भारतीय रक्षा ढांचे का हिस्सा बनती है, तो यह ड्रोन और रॉकेट आधारित खतरों के खिलाफ एक क्रांतिकारी कदम होगा।

भारत पहले से ही 'सुदर्शन चक्र' नामक बहुस्तरीय वायु रक्षा प्रणाली विकसित कर रहा है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2035 तक देश के प्रमुख शहरों, सामरिक प्रतिष्ठानों और रक्षा अड्डों को सुरक्षित करना है। डीआरडीओ ने 30 किलोवाट क्षमता की उच्च ऊर्जा लेजर आधारित निर्देशित ऊर्जा प्रणाली विकसित की है, जिसे भविष्य की वायु रक्षा रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है। यह प्रणाली ड्रोन और कम दूरी के लक्ष्यों को निशाना बनाने में सक्षम है। सुदर्शन चक्र के तहत मध्यम और लंबी दूरी की मिसाइल प्रणालियों, एआई आधारित सेंसर, उपग्रह निगरानी, साइबर सुरक्षा तंत्र और रियल–टाइम कमांड नेटवर्क को एकीकृत किया जा रहा है। यह एक नेटवर्क-सेंट्रिक वॉरफेयर मॉडल है, जिसमें हर खतरे का तुरंत आकलन और जवाब संभव होगा। भारत पहले से ही इजरायल के साथ मिलकर विकसित मिसाइल प्रणाली का उपयोग कर रहा है, जो मध्यम दूरी की वायु रक्षा में अत्यंत प्रभावी साबित हुई है। इजरायल की उन्नत प्रणालियों में भी शामिल हैं। एरो प्रणाली लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों को वायुमंडल के बाहर ही नष्ट करने में सक्षम है, जबकि डेविड स्लिंग मध्यम दूरी की जटिल मिसाइलों के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करती है। यदि इन प्रणालियों के तकनीकी तत्व सुदर्शन चक्र में शामिल होते हैं, तो भारत की वायु रक्षा तीन या चार परतों में विभाजित एक समग्र ढांचा बन सकती है– लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा, मध्यम दूरी की मिसाइल इंटरसेप्शन, कम दूरी की रॉकेट और ड्रोन सुरक्षा, लेजर आधारित त्वरित अवरोधन, यह बहुस्तरीय संरचना भारत को किसी भी प्रकार के हवाई हमले से निपटने में सक्षम बना सकती है। रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2026 में इजरायल और भारत के बीच अरबों डॉलर के रक्षा सौदों पर सहमति बनी है। इन सौदों में एयर लोरा बैलिस्टिक मिसाइल और आइस ब्रेकर जैसी उन्नत प्रणालियां शामिल हैं। यह सहयोग केवल आयात तक सीमित नहीं है। भारत अब तकनीक हस्तांतरण, संयुक्त अनुसंधान और सह-उत्पादन पर जोर दे रहा है। इसका उद्देश्य 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत स्वदेशी रक्षा उत्पादन को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री मोदी की यह यात्रा 2017 के बाद उनकी दूसरी इजरायल यात्रा है। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतनयाहू ने भारत के साथ रक्षा, प्रौद्योगिकी और आर्थिक सहयोग को और गहरा करने की इच्छा जताई है। दोनों देशों के बीच एआई, साइबर सुरक्षा, क्वांटम तकनीक और निर्देशित ऊर्जा हथियारों के क्षेत्र में सहयोग की संभावनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। यह संबंध केवल हथियार खरीदने तक सीमित नहीं, बल्कि संयुक्त विकास और वैश्विक निर्यात की दिशा में भी आगे बढ़ सकता है।

यदि आयरन बीम जैसी लेजर प्रणाली भारत के रक्षा ढांचे का हिस्सा बनती है, तो दक्षिण एशिया के सामरिक समीकरणों में महत्वपूर्ण बदलाव आ सकता है। ड्रोन और रॉकेट आधारित हमलों पर निर्भर रणनीतियां अप्रभावी हो सकती हैं। कम लागत में निरंतर अवरोधन की क्षमता विरोधी देशों के लिए हमलों को आर्थिक रूप से भी अव्यवहारिक बना देगी। इससे प्रतिरोधक क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। बहुस्तरीय वायु रक्षा कवच से लैस भारत के खिलाफ आक्रामक कदम उठाने से पहले किसी भी विरोधी को कई बार सोचना पड़ेगा। यह संदेश स्पष्ट होगा कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला राष्ट्र नहीं, बल्कि पूर्व–तैयार और तकनीकी रूप से सुसज्जित शक्ति है। इजरायल द्वारा प्रस्तावित संभावित बहुपक्षीय सहयोग ढांचे-जिसमें भारत, ग्रीस, साइप्रस और कुछ पश्चिम एशियाई व अफ्रीकी देश शामिल हो सकते हैं-से क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को नया आयाम मिल सकता है। इससे भारत की ऊर्जा सुरक्षा, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और वैश्विक प्रभाव दोनों सुदृढ़ होंगे। भारत अब पारंपरिक रक्षा मॉडल से आगे बढ़कर लेजर, एआई, नेटवर्क–सेंट्रिक वॉरफेयर और उन्नत मिसाइल प्रणालियों के युग में प्रवेश कर रहा है। सुदर्शन चक्र और संभावित आयरन बीम सहयोग इस परिवर्तन के प्रतीक हैं। यह रणनीति न केवल सैन्य क्षमता को मजबूत करेगी, बल्कि भारत को वैश्विक रक्षा तकनीक बाजार में भी प्रमुख स्थान दिला सकती है। स्पष्ट है कि यह पहल केवल एक रक्षा सौदा नहीं, बल्कि भविष्य की युद्धक तैयारी का व्यापक खाका है। यदि आयरन बीम, एरो और डेविड स्लिंग जैसी प्रणालियों के तत्व सुदर्शन चक्र में सफलतापूर्वक समाहित होते हैं, तो भारतीय आकाश एक सशक्त, बहुस्तरीय और तकनीकी रूप से उन्नत अभेद्य कवच में परिवर्तित हो सकता है। भारत अब प्रतिक्रियावादी रक्षा नीति से आगे बढ़कर सक्रिय, तकनीकी और आत्मनिर्भर सुरक्षा ढांचे की ओर बढ़ रहा है। आने वाले वर्षों में यह परिवर्तन दक्षिण एशिया ही नहीं, बल्कि वैश्विक सामरिक परिदृश्य को भी प्रभावित कर सकता है।

विचार विण्डो

# दुनिया पर मंडराया परमाणु युद्ध का साया: अमेरिका का खुलासा, चीन पर गंभीर आरोप

रेनू तिवारी

दुनिया की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों, अमेरिका और रूस के बीच अंतिम परमाणु हथियार नियंत्रण समझौते न्यू स्टार्ट की अवधि समाप्त हो चुकी है। इसके साथ ही वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था पर अनिश्चितता के बादल और गहरे हो गए हैं। इस समझौते के खत्म होने से दोनों देशों के रणनीतिक परमाणु हथियारों पर लगी सीमाएं हट गई हैं, जिससे हथियारों की नई दौड़ की आशंका बढ़ गई है।

जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमेरिकी शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के प्रमुख क्रिस्टोफर यिआव ने कई चौंकाने वाले दावे किए। उन्होंने आरोप लगाया कि चीन ने लगभग छह वर्ष पहले एक गुप्त परमाणु परीक्षण किया था और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इसकी जानकारी नहीं दी। उनके अनुसार, चीन ने सुनियोजित और अभूतपूर्व तरीके से अपने परमाणु हथियार भंडार का विस्तार किया है।

यिआव ने कहा कि न्यू स्टार्ट संधि की एक बड़ी कमजोरी यह रही कि इसमें चीन के परमाणु कार्यक्रम को शामिल नहीं किया गया था। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस समझौते में रूस के गैर–रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार को लेकर भी कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं था। उनका कहना था कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में पुराने ढांचे अब पर्याप्त नहीं रह गए हैं। अमेरिकी अधिकारी ने चीन से अपने परमाणु लक्ष्यों और क्षमताओं के बारे में अधिक पारदर्शिता बरतने की मांग की।

उन्होंने आशंका जताई कि यदि यही रफ्तार रही तो चीन अगले चार से पांच वर्षों में परमाणु शक्ति संतुलन के मामले में बराबरी की स्थिति में पहुंच सकता है। यह बयान ऐसे समय आया है जब एशिया–प्रशांत क्षेत्र में सामरिक प्रतिस्पर्धा लगातार बढ़ रही है।



समझौते की समाप्ति के बाद जिनेवा में कूटनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। यिआव ने रूसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर मौजूदा स्थिति पर चर्चा की और आगे की संभावनाओं पर विचार–विमर्श किया। इसके बाद उनकी चीनी प्रतिनिधिमंडल से भी वार्ता प्रस्तावित है, जहां अमेरिका पारदर्शिता और नए ढांचे पर जोर दे सकता है।

अमेरिका पहले ही अपने सहयोगी देशों, जैसे ब्रिटेन और फ्रांस, के साथ कई दौर की बातचीत कर चुका है। उद्देश्य यह है कि एक ऐसा नया वैश्विक सुरक्षा तंत्र विकसित किया जाए जो वर्तमान भू–राजनीतिक चुनौतियों के अनुरूप हो। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि प्रमुख परमाणु शक्तियां किसी नए समझौते पर सहमत नहीं होतीं, तो वैश्विक अस्थिरता बढ़ सकती है।

परमाणु हथियार नियंत्रण समझौते दशकों से विश्व शांति की आधारशिला रहे हैं। इनका उद्देश्य हथियारों की संख्या सीमित करना, पारदर्शिता बढ़ाना और आकस्मिक संघर्ष की संभावना को कम करना रहा है। लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में अविश्वास और सामरिक प्रतिस्पर्धा ने इस संतुलन को कमजोर कर दिया है। ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह संवाद और कूटनीति के जरिए नई व्यवस्था स्थापित करे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो परमाणु हथियारों की होड़ एक बार फिर वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन सकती है।

### 51 साल में पहली बार होगा बड़ा उलटफेर

# सेमीफाइनल से बाहर हो सकते हैं भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका



**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर–8 चरण ने टूर्नामेंट को बेहद रोमांचक और अनिश्चित बना दिया है।

इंग्लैंड की पाकिस्तान पर रोमांचक जीत के बाद ऐसे समीकरण बन रहे हैं कि 51 साल के मेन्स वर्ल्ड कप इतिहास (वनडे और टी20 मिलाकर) में पहली बार सेमीफाइनल में भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका–तीनों में से कोई भी टीम नजर नहीं आ सकती।

अगर ऐसा होता है तो यह एक ऐतिहासिक बदलाव होगा, खासकर तब जब टूर्नामेंट भारतीय उपमहाद्वीप में खेला जा रहा है।

अब तक खेले गए 23 मेन्स वर्ल्ड कप में इन तीन एशियाई टीमों का दबदबा रहा है। भारत, पाकिस्तान और श्रीलंका ने मिलकर आठ विश्व कप खिताब जीते हैं।

भारत तीन बार चैंपियन बना है और 13 बार सेमीफाइनल में पहुंचा है, जबकि पाकिस्तान और श्रीलंका भी 13-13 बार अंतिम चार में जगह बना चुके हैं। 1975 के पहले वर्ल्ड कप के बाद से लगभग हर संस्करण में इन तीनों में से कम से कम एक टीम सेमीफाइनल में जरूर रही है, लेकिन इस बार हालात बदलते दिख रहे हैं।

ग्रुप–1 में भारत तीसरे स्थान पर है। साउथ अफ्रीका के खिलाफ बड़ी हार से उसका नेट रन रेट प्रभावित हुआ है, वहीं वेस्टइंडीज की जिम्बाब्वे पर 107 रन की जीत ने समीकरण और कठिन बना दिए हैं। अब भारत को अपने बाकी दोनों मुकाबले बड़े अंतर से जीतने होंगे और साथ ही अन्य मैचों के नतीजों पर भी निर्भर रहना पड़ेगा।

ग्रुप–2 में इंग्लैंड लगातार दो जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंच चुका है और न्यूजीलैंड मजबूत स्थिति में है।

यदि न्यूजीलैंड श्रीलंका को हरा देता है तो श्रीलंका और पाकिस्तान दोनों की सेमीफाइनल की उम्मीदें खत्म हो सकती हैं। ऐसे में 51 साल में पहली बार सेमीफाइनल में एशिया की इन तीन दिग्गज टीमों में से कोई भी नजर नहीं आएगी। अब सबकी निगाहें सुपर–8 के बाकी मुकाबलों पर टिकी हैं।




# रशिमका मंदाना या विजय देवरकोंडा कौन है ज्यादा पढ़ा–लिखा



**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और इसी बीच फैंस उनकी पढ़ाई–लिखाई को लेकर भी दिलचस्पी दिखा रहे हैं। अगर दोनों के एजुकेशनल बैकग्राउंड पर नजर डालें तो विजय देवरकोंडा ने अपनी शुरुआती शिक्षा पुट्टपर्थी के सत्य साईं हायर सेकेंडरी स्कूल से पूरी की थी। इसके बाद उन्होंने हैदराबाद के बद्रुका कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड आर्ट्स से बी.कॉम की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद विजय ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और आज वह साउथ सिनेमा के लोकप्रिय सितारों में गिने जाते हैं।

वहीं रश्मिका मंदाना ने कूर्ग पब्लिक स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की और फिर बेंगलुरु के एमएस रमैया कॉलेज से ग्रेजुएशन किया। रश्मिका के पास इंग्लिश लिटरेचर, जर्नलिज्म और साइकोलॉजी में बैचलर डिग्री है। उनकी यह मल्टी–डिसिप्लिनरी पढ़ाई उनके बहुमुखी व्यक्तित्व को दर्शाती है और बताती है कि वह शिक्षा के क्षेत्र में भी काफी मजबूत रही हैं।

अगर डिग्री और विषयों की विविधता के आधार पर तुलना की जाए तो रश्मिका मंदाना शैक्षणिक रूप से थोड़ा आगे नजर आती हैं, क्योंकि उन्होंने तीन अलग–अलग विषयों में स्नातक किया है, जबकि विजय ने कॉमर्स में ग्रेजुएशन किया है। हालांकि दोनों ने अपनी–अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर फिल्म इंडस्ट्री में खास पहचान बनाई है। फिलहाल यह जोड़ी अपनी शादी और आने वाले फिल्मी प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई है और फैंस उनके नए जीवन अध्याय का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।


### कोर्ट ने कहा कि 'घूसखोर' शब्द अपने आप में नकारात्मक

# 'यादव जी की लव स्टोरी' को सुप्रीम कोर्ट से राहत, याचिका खारिज



**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** फिल्म 'यादव जी की लव स्टोरी' को उसकी रिलीज से पहले कानूनी विवाद का सामना करना पड़ा, लेकिन अब मेकर्स के लिए राहत की खबर है। सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के टाइटल को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि फिल्म का नाम यादव समुदाय की छवि को किसी भी तरह से धूमिल नहीं करता और केवल आशंका के आधार पर किसी रचनात्मक कृति पर रोक नहीं लगाई जा सकती। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की बेंच ने मामले पर सुनवाई से इनकार करते हुए याचिका को आधारहीन बताया। कोर्ट ने रिकॉर्ड में मौजूद सामग्री पर विचार करने के बाद कहा कि टाइटल में किसी भी आपत्तिजनक या नकारात्मक विशेषण का इस्तेमाल नहीं किया गया है। सुनवाई के दौरान बेंच ने यह भी टिप्पणी की कि वह यह समझ पाने में असमर्थ है कि फिल्म का शीर्षक किसी समुदाय को गलत तरीके से कैसे प्रस्तुत करता है और याचिकाकर्ता की आशंकाएं बेबुनियाद हैं। अदालत ने इस मामले की तुलना मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडित' से जुड़े विवाद से भी की और दोनों के बीच स्पष्ट अंतर बताया। कोर्ट ने कहा कि 'घूसखोर' शब्द अपने आप में नकारात्मक अर्थ रखता है और जब इसे किसी समुदाय के साथ जोड़ा जाता है तो यह उसकी छवि को प्रभावित कर सकता है, जबकि 'यादव जी की लव स्टोरी' में ऐसा कोई शब्द नहीं है जो यादव समुदाय के प्रति अपमानजनक या नकारात्मक संदेश देता हो। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब फिल्म की रिलीज का रास्ता साफ हो गया है। तमाम कानूनी अड़चनें दूर होने के बाद यह फिल्म 27 फरवरी 2026 को तय तारीख पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मेकर्स और फैंस इस निर्णय को बड़ी राहत और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्ष में एक महत्वपूर्ण कदम मान रहे हैं।

# जन्मदिन पर संजय लीला भंसाली को हार्ट अटैक



**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** 24 फरवरी को मशहूर फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली ने अपना 63वां जन्मदिन मनाया। इसी बीच सोशल मीडिया पर खबर वायरल हुई कि उन्हें हार्ट अटैक आया है और मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हालांकि ये दावा पूरी तरह से झूठा निकला।

भंसाली की टीम ने तुरंत बयान जारी कर इन खबरों का खंडन किया। बयान में कहा गया कि उनके अस्पताल में भर्ती होने की खबरें पूरी तरह बेबुनियाद हैं और इनमें कोई सच्चाई नहीं है। साथ ही लोगों से अपील की गई कि बिना पुष्टि वाली खबरों पर विश्वास न करें। टीम के मुताबिक, संजय लीला भंसाली पूरी तरह स्वस्थ हैं और उन्हें कोई स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं हुई है।

दरअसल, यह अफवाह एक इंस्टाग्राम पेज की पोस्ट के बाद फैली, जिसमें दावा किया गया था कि जन्मदिन के दिन भंसाली को हार्ट अटैक आया और उन्हें एनएच अस्पताल में भर्ती कराया गया। पोस्ट में आगे की जानकारी का इंतजार करने की बात भी लिखी गई थी, जिसके बाद सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से फैल गई।

वर्क फ्रंट की बात करें तो भंसाली हाल ही में वेब सीरीज 'हीरामंडी' के जरिए चर्चा में रहे, जिसे दर्शकों ने काफी पसंद किया। अब वह अपनी अगली फिल्म 'लव एंड वॉर' की तैयारी में जुटे हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन दर्शकों में इसे लेकर काफी उत्साह है।

### आईसीसी टी20 रैंकिंग में बड़ा उलटफेर

# बुमराह टॉप–10 में, कॉर्बिन बॉश 21वें नंबर पर



**यूनिक समय, नई दिल्ली ।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सुपर–8 चरण के बीच आईसीसी ने ताजा टी 20 रैंकिंग जारी की है, जिसमें कई बड़े उलटफेर देखने को मिले हैं। खिलाड़ियों के हालिया प्रदर्शन का सीधा असर रैंकिंग पर पड़ा है और गेंदबाजों की सूची में जबरदस्त हलचल मच गई है। भारत के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती 790 रेटिंग अंकों के साथ अब भी नंबर–1 स्थान पर काबिज हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ महंगे साबित होने के बावजूद उनकी बादशाहत कायम है। हालांकि सबसे ज्यादा चर्चा साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज कॉर्बिन बॉश की हो रही है, जिन्होंने 21 पायदान की लंबी छलांग लगाकर सीधे तीसरे स्थान पर कब्जा जमा लिया है। बॉश ने पहले संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ तीन विकेट लिए और फिर भारत के खिलाफ सुपर–8 मुकाबले में सिर्फ 12 रन देकर दो विकेट चटकाए, जिसका उन्हें बड़ा फायदा मिला। राशिद खान दूसरे स्थान पर बने हुए हैं, लेकिन बॉश की एंट्री से उनकी स्थिति पर दबाव बढ़ गया है। इंग्लैंड के आदिल रशीद चौथे नंबर पर कायम हैं, जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद दो स्थान फिसलकर पांचवें पायदान पर पहुंच गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जम्पा दो स्थान ऊपर चढ़ते हुए छठे स्थान पर आ गए हैं। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज मैथ्यू फोर्ड ने भी 23 पायदान की शानदार छलांग लगाई है और सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं। इस बीच भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने भी दमदार वापसी करते हुए सात स्थान की छलांग लगाई और टॉप–10 में एंट्री कर ली है। वह अब आठवें स्थान पर काबिज हैं। जैसे–जैसे टूर्नामेंट नॉकआउट चरण की ओर बढ़ रहा है, रैंकिंग में और बदलाव देखने को मिल सकते हैं और खिलाड़ियों के लिए हर मुकाबला अहम साबित होगा।

# काशी में गंगा की लहरों के बीच विदेशी जोड़े की अनोखी शादी



## घाट के मध्य धारा में नाव पर सजे मंडप में वैदिक रीति–रिवाज से सात फेरे लिए

**यूनिक समय, वाराणसी।** गंगा की पावन धारा के बीच एक अनोखी शादी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। मेक्सिको सिटी निवासी रुईज कब्रोल और गोंजालो मिगुल ने सनातन परंपरा के अनुसार अस्सी घाट के मध्य धारा में नाव पर सजे मंडप में वैदिक रीति–रिवाज से सात फेरे लिए। मंत्रोच्चार और शास्त्रोक्त विधि–विधान के साथ संपन्न हुए इस विवाह ने घाट पर मौजूद लोगों को भावुक कर दिया। दोनों लंबे समय से भारतीय संस्कृति और सनातन परंपराओं से प्रभावित थे। उन्होंने अपने वैवाहिक जीवन की शुरुआत काशी की पवित्र धरती से करने का निर्णय लिया। विवाह की रस्में आचार्य दीपक पांडेय ने संपन्न कराईं। गंगा की लहरों पर सजी नाव को पारंपरिक मंडप का रूप दिया गया था, जहां अग्नि को साक्षी मानकर वैवाहिक वचन लिए गए। दूल्हा–दुल्हन पारंपरिक भारतीय परिधान में नजर आए। दूल्हे ने धोती-कुर्ता धारण किया, जबकि दुल्हन ने लाल बनारसी साड़ी पहन रखी थी। भारतीय वेशभूषा में सजे इस विदेशी जोड़े को देखने के लिए घाट पर पर्यटकों और स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। सभी इस अनोखे पल को अपने मोबाइल और कैमरों में कैद करते नजर आए। गंगा की पवित्र धारा, वैदिक मंत्रों की गूंज और विदेशी जोड़े की आस्था ने इस विवाह को यादगार बना दिया। यह शादी भारतीय संस्कृति के वैश्विक प्रभाव का अनूठा उदाहरण बन गई।

## शंकराचार्य संस्था के खिलाफ साजिश का आरोप

**यूनिक समय, वाराणसी।** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने आरोप लगाया कि शंकराचार्य जैसी प्रतिष्ठित संस्था को बदनाम करने और समाप्त करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि उन पर लगे आरोप सिद्ध होते हैं तो उन्हें कठोर दंड दिया जाए, लेकिन आरोप गलत साबित होने पर शिकायतकर्ता पर भी वैसी ही कार्रवाई होनी चाहिए।
प्रेस वार्ता में उन्होंने एक तस्वीर दिखाते हुए दावा किया कि शिकायतकर्ता और जांचकर्ता साथ में नजर आ रहे हैं, जिससे जांच की निष्पक्षता पर सवाल उठते हैं। स्वामी ने कहा कि जिन बच्चों के मामले का उल्लेख किया जा रहा है, उनसे उनका कोई संबंध नहीं है। उन्होंने बताया कि वकीलों का पैनल उनका पक्ष अदालत में रख रहा है और अब तक किसी एजेंसी ने उनसे पूछताछ नहीं की है।


# कैंसर से जूझ रहे बसपा विधायक के घर आयकर का छापा





**यूनिक समय, लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) के इकलौते विधायक उमाशंकर सिंह के आवास और कार्यालय पर आयकर विभाग ने बड़ी छापेमारी की है। सुबह करीब सात बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में 50 से अधिक अधिकारी और भारी पुलिस बल शामिल है। पूरे परिसर को घेर लिया गया है और अंदर-बाहर किसी को आने-जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। यहां तक कि डॉक्टर और नर्स की एंट्री पर भी रोक लगाए जाने की बात सामने आई है।
बताया जा रहा है कि उमाशंकर सिंह गंभीर रूप से बीमार हैं और कैंसर से जूझ रहे हैं। उनके दो ऑपरेशन हो चुके हैं और वे लखनऊ स्थित आवास में आइसोलेशन में रह रहे हैं। ऐसे में छापेमारी के दौरान उनकी सेहत को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।
सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग वित्तीय लेन-देन और संपत्ति से जुड़े दस्तावेजों की जांच कर रहा है। अधिकारियों ने घर और दफ्तर में मौजूद फाइलों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड को खंगालना शुरू कर दिया है। सुरक्षा के मद्देनजर इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और आने–जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस कार्रवाई से राजनीतिक हलकों में भी हलचल मच गई है। फिलहाल आयकर विभाग की ओर से आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है।

# गाजियाबाद के ग्रीन फील्ड स्कूल में घुसा तेंदुआ, परीक्षा रद्द



**यूनिक समय, गाजियाबाद।** एनडीआरएफ रोड स्थित ग्रीन फील्ड स्कूल परिसर में बुधवार सुबह करीब छह बजे एक तेंदुआ घुस आया। यह पूरी घटना स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जानकारी के अनुसार, तेंदुआ स्कूल के मैदान में करीब दो मिनट तक घूमता रहा और कक्षाओं में घुसने का प्रयास किया, लेकिन दरवाजे बंद होने के कारण अंदर नहीं जा सका। कुछ देर बाद वह दीवार फांदकर आगे बढ़ गया।
स्कूल के सुरक्षाकर्मी ने तेंदुए को परिसर में देखा और तुरंत प्रबंधन को सूचना दी। एहतियात के तौर पर कक्षा 11वीं की निर्धारित परीक्षा निरस्त कर दी गई। अभिभावकों को संदेश भेजकर बच्चों को स्कूल न भेजने की अपील की गई। सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल के सभी दरवाजे बंद कर दिए गए।
सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि तेंदुआ मंगलवार रात को भी सीसीटीवी में दिखाई दिया था। पुलिस ने एनडीआरएफ रोड पर बैरिकेडिंग कर रूट डायवर्ट कराया। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए जाल बिछाए हैं और आसपास के क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। फिलहाल तेंदुए को पकड़ने के प्रयास जारी हैं और स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है।

# रामराज कस्बे में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या





**यूनिक समय, मेरठ।** जनपद के बहसूमा थाना क्षेत्र स्थित रामराज कस्बे में दिनदहाड़े एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात मुख्य बाजार में सनातन धर्म मंदिर के सामने भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई, जिससे अफरा-तफरी मच गई और बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। घटना के बाद व्यापारियों और स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है।
मृतक की पहचान मोहल्ला जगजीवन पुरी निवासी 28 वर्षीय सुरेंद्र पुत्र कश्मीर के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुरेंद्र बाजार से गुजर रहा था तभी बाइक पर सवार अज्ञात हमलावरों ने उसे निशाना बनाते हुए गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। गोली चलने की आवाज सुनते ही लोग इधर-उधर भागने लगे।
सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। एसपी देहात ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। गंभीर रूप से घायल सुरेंद्र को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।
पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और परिजनों से पूछताछ कर रही है। हत्या के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ा दी गई है। खुले बाजार में हुई इस वारदात ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# लखनऊ मर्डर केस: दूसरी शादी से नाराज बेटे ने की पिता की हत्या





**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ में सामने आए सनसनीखेज हत्याकांड में नए-नए खुलासे हो रहे हैं। आरोप है कि 21 वर्षीय अक्षत प्रताप सिंह उर्फ राजा ने अपने पिता मानवेंद्र सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी। सूत्रों के मुताबिक, अक्षत पिता की दूसरी शादी की चर्चा से नाराज था और इसी को लेकर उसके मन में आक्रोश था।
बताया जा रहा है कि 20 फरवरी की सुबह करीब 4:30 बजे अक्षत ने पिता की लाइसेंसी राइफल से उनके सिर में गोली मार दी। पुलिस के अनुसार, वह तब तक वहीं खड़ा रहा जब तक पिता की सांसें नहीं थम गईं। घटना के समय उसकी बहन कृति भी घर में मौजूद थी। हत्या के बाद अक्षत ने शव को ठिकाने लगाने की योजना बनाई। उसने आरी और नीला ड्रम खरीदा, शव को कमरे से नीचे लाकर बाथरूम में रखा और टुकड़े कर ड्रम में भर दिया। जांच में यह भी सामने आया है कि हत्या के बाद अक्षत अपनी चाची के घर गया, जहां से चिकन और पनीर बनवाकर लाया। पुलिस का दावा है कि उसने बहन के साथ शव के पास बैठकर खाना भी खाया। इस बीच बहन परीक्षा देने भी जाती रही और दोनों सामान्य व्यवहार करते रहे ताकि किसी को शक न हो। पुलिस अब बहन कृति की भूमिका की भी जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि वह इस साजिश में शामिल थी या डर के कारण चुप रही। मामले की जांच जारी है।

# पीएसआईटी में छात्र की मौत के बाद हंगामा, कैंपस में तोड़फोड़



**यूनिक समय, कानपुर।** पनकी स्थित पीएसआईटी कॉलेज में एक छात्र की मौत के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया। हादसे से आक्रोशित छात्रों ने पहले कैंपस में शांति मार्च निकाला, लेकिन कुछ ही देर में प्रदर्शन उग्र हो गया और कॉलेज परिसर में जमकर हंगामा व तोड़फोड़ शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार, निर्माण कार्य के दौरान खड़ी जेसीबी से टकराने पर बीसीए छात्र की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद हजारों छात्र एकत्र हुए और प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज परिसर में निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही थी, जिससे यह हादसा हुआ। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कैंपस के शीशे तोड़ दिए, गमले फेंक दिए और फर्नीचर को नुकसान पहुंचाया। उनकी मांग है कि सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक, जब कक्षाएं चलती हैं, उस समय परिसर में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य पूरी तरह बंद रखा जाए।
स्थिति बिगड़ने पर पुलिस को मौके पर बुलाया गया। कई थानों की फोर्स तैनात कर छात्रों को शांत कराने का प्रयास किया गया। फिलहाल कॉलेज परिसर में भारी पुलिस बल मौजूद है। प्रशासन मामले की जांच में जुटा है और छात्रों की मांगों पर विचार किया जा रहा है।

## 2027 के चुनाव में बसपा का ब्राह्मण दांव

**यूनिक समय, लखनऊ।** विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर बहुजन समाज पार्टी ने नई रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। पार्टी प्रदेश की लगभग 50 प्रतिशत सीटों पर ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने की तैयारी में है। इसी क्रम में जालौन की माधौगढ़ सीट से आशीष पांडेय को प्रभारी घोषित किया गया है, जिन्हें संभावित प्रत्याशी माना जा रहा है।
पार्टी सूत्रों के अनुसार प्रत्येक विधानसभा सीट पर चार दावेदारों का पैनल बनाकर चयन प्रक्रिया चल रही है। जिन्हें प्रभारी बनाया जाएगा, वही आगे चलकर उम्मीदवार घोषित किए जाएंगे। होली के बाद कानपुर मंडल की करीब 10 सीटों पर प्रभारियों की घोषणा हो सकती है। कानपुर मंडल में कुल 27 सीटें हैं और फिलहाल यहां बसपा का कोई विधायक नहीं है। पार्टी ब्राह्मण, मुस्लिम और दलित समीकरण पर काम कर रही है।

# गोरखपुर में सौतेली मां ने की तीन साल की बच्ची की हत्या

## शादी के करीब एक महीने बाद ही वारदात को दिया अंजाम

**यूनिक समय, गोरखपुर।** पिपराइच थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया उर्फ बिजहरा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। नवविवाहित सौतेली मां ने अपनी तीन वर्षीय मासूम बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। आरोपी महिला ने बच्ची का सिर धड़ से अलग कर दिया। घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है।
जानकारी के अनुसार, बच्ची के पिता त्रिवेणी मौर्य की पहली पत्नी का निधन हो चुका था। पहली पत्नी से उनकी तीन साल की बेटी अदिति थी। बच्ची की देखभाल के लिए उन्होंने 25 जनवरी 2026 को दूसरी शादी की थी। शादी के करीब एक महीने बाद ही यह खौफनाक वारदात हो गई।
परिजनों और ग्रामीणों के मुताबिक, रात करीब 12 बजे महिला ने बच्ची को तेल और सिंदूर लगाकर तैयार किया और उसे घर के देवस्थान पर ले गई। वहां कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दी। कुछ ग्रामीण इसे बलि देने की घटना भी मान रहे हैं। घर के अंदर हलचल होने पर बाहर सो रहे पिता को शक हुआ। जब उन्होंने अंदर जाकर देखा तो घटना का खुलासा हुआ। शोर मचाने पर महिला भागने की कोशिश करने लगी, लेकिन ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलते ही पुलिस और क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। आरोपी महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है और घटना के पीछे की वजहों का पता लगाया जा रहा है।

## सार संक्षेप

### यूक्रेन के खिलाफ ओर्बान का आक्रामक चुनावी अभियान

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान ने आगामी चुनाव से पहले यूक्रेन के खिलाफ तीखा अभियान शुरू किया है। वे मतदाताओं को समझा रहे हैं कि यूक्रेन का समर्थन देश को आर्थिक संकट में डाल सकता है। देशभर में लगाए गए बिलबोर्ड्स और संदेशों में यूरोपीय संघ की नीतियों का विरोध किया जा रहा है। रूस के करीबी माने जाने वाले ओर्बान ने एव प्रतिबंधों को भी रोका है, जिससे चुनावी माहौल और गरमा गया है।

### तुर्की में एफ-16 जेट क्रैश, पायलट की मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तुर्की के बालिकेसिर स्थित 9वें मुख्य जेट बेस से उड़ान भरने के छह मिनट बाद एफ-16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रात 00:50 बजे उड़ान भरने वाले विमान से 00:56 बजे संपर्क टूट गया। खोज अभियान में मलबा बरामद हुआ और पायलट के शहीद होने की पुष्टि हुई। रक्षा मंत्रालय ने हादसे की जांच के लिए विशेष समिति गठित की है। राष्ट्रपति और अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया।

### बेंगलुरु में मेडिकल लापरवाही से मासूम की उंगली कटी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में एक निजी अस्पताल में छह महीने के बच्चे की उंगली ड्रेसिंग हटाते समय कट गई। बच्चा 19 फरवरी को बुखार के कारण भर्ती हुआ था। मंगलवार को ड्रिप हटाते वक्त स्टाफ की लापरवाही से कैंची उंगली पर चल गई। अधिक रक्तस्राव के बाद शिशु को आईसीयू में भर्ती किया गया। पुलिस ने तीन कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मालेगांव निगम दफ्तर में नमाज का वीडियो वायरल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के मालेगांव में बिजली समस्या को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के बिजली विभाग कार्यालय में असर की नमाज अदा की। रमजान के दौरान धरने के बीच नमाज़ का समय होने पर प्रदर्शनकारियों ने वहीं नमाज पढ़ी। घटना का वीडियो वायरल होने से विवाद बढ़ गया है। कुछ लोग इसे शांतिपूर्ण विरोध बता रहे हैं, जबकि बीजेपी नेता किरीट सोमैया ने कार्रवाई की मांग की है।

### बेगूसराय में युवक की मौत पर पुलिस घिरी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बिहार के बेगूसराय के गढ़पुरा थाना क्षेत्र में पुलिस पीछा करने के दौरान ललित कुमार नामक युवक की मौत हो गई। पुलिस का दावा है कि शराब तस्करी के शक में पीछा करते समय भागने के दौरान उसे चोट लगी और अस्पताल में उसकी मौत हुई। वहीं परिजनों ने इसे साजिशन हत्या बताया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत की असली वजह साफ हो सकेगी। घटना से इलाके में आक्रोश है।

# इजरायल रवाना हुए पीएम मोदी, रणनीतिक साझेदारी को नई ऊंचाई देने पर रहेगा जोर



### इस यात्रा को दोनों देशों के मजबूत लोकतांत्रिक और संसदीय संबंधों का प्रतीक माना जा रहा है

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय ऐतिहासिक यात्रा पर इजरायल के लिए रवाना हो गए। प्रस्थान से पहले उन्होंने कहा कि यह दौरा भारत और इजरायल के बीच "स्थायी संबंधों" को और मजबूत करने का अवसर होगा। उन्होंने भरोसा जताया कि इस यात्रा से रणनीतिक साझेदारी को नए लक्ष्य मिलेंगे और दोनों देश एक सशक्त, नवोन्मेषी व समृद्ध भविष्य की दिशा में आगे बढ़ेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अपने "प्रिय मित्र" इजरायल के प्रधानमंत्री नेतनयाहू के निमंत्रण पर यह यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं के बीच विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नवाचार, कृषि, जल प्रबंधन, रक्षा और सुरक्षा, व्यापार व निवेश जैसे अहम क्षेत्रों में सहयोग को और विस्तार देने पर चर्चा होगी। साथ ही, लोगों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने पर भी जोर रहेगा।

यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी इजरायल के राष्ट्रपति से भी मुलाकात करेंगे। खास बात यह है कि वह इजरायल की संसद (नेसेट) को संबोधित करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बनेंगे। इसे दोनों देशों के मजबूत लोकतांत्रिक और संसदीय संबंधों का प्रतीक माना जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दोनों देश पारस्परिक हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। यह यात्रा भारत-इजरायल संबंधों को नई दिशा देने और दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग को और गहरा करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# एसआईआर प्रक्रिया में बाहरी राज्यों के न्यायिक अधिकारी होंगे शामिल: सुप्रीम कोर्ट



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में चल रहे एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने आदेश दिया है कि अब इस प्रक्रिया में ओडिशा और झारखंड के न्यायिक अधिकारियों को भी शामिल किया जाए। इन अधिकारियों के पास कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य होगा। दरअसल, पहले केवल पश्चिम बंगाल के न्यायिक अधिकारियों को इस प्रक्रिया में लगाया गया था। लेकिन लंबित फॉर्मों की संख्या-करीब 50 लाख को देखते हुए काम की रफ्तार पर सवाल उठे। कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने बताया था कि लगभग 250 अधिकारी तैनात हैं, फिर भी काम पूरा होने में काफी समय लग सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने अतिरिक्त अधिकारियों की नियुक्ति का निर्देश दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि 14 फरवरी से पहले ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा किए गए सभी दस्तावेज स्वीकार किए जाएंगे। साथ ही आधार कार्ड, हाईस्कूल एडमिट कार्ड और प्रमाणपत्र को भी मान्य दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने को कहा गया है। इस फैसले पर ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस ने संतोष जताया है, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने इसे अलग नजरिए से देखा है। कोर्ट ने अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के लिए 28 फरवरी की समयसीमा तय की है, हालांकि इसके बाद पूरक सूची प्रकाशित करने की अनुमति भी दी गई है। माना जा रहा है कि इस आदेश से चुनाव प्रक्रिया को गति मिलेगी।

# सीएम योगी का टोक्यो में गर्मजोशी से स्वागत, निवेश पर फोकस



### जापान दौरे पर योगी के लिए खास शाकाहारी इंतजाम

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इन दिनों जापान दौरे पर हैं। टोक्यो पहुंचने पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दौरे के दौरान उनके खान-पान को लेकर विशेष व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री योगी अपने सख्त धार्मिक और व्यक्तिगत आहार नियमों का पालन विदेश में भी करेंगे। उनके लिए बिना प्याज और लहसुन वाला शुद्ध शाकाहारी भोजन तैयार किया जाएगा। जापान में उनके लिए विशेष रूप से सादा और सात्विक भोजन की व्यवस्था की गई है। नाश्ते में पारंपरिक जापानी 'मिसो सूप' का शाकाहारी संस्करण परोसा जाएगा। साथ ही टोफू (जापानी पनीर), उबली हुई सब्जियां और सोया दूध मेनू में शामिल रहेंगे। सुबह के समय वे हर्बल चाय या गर्म पानी का सेवन करेंगे। जापानी शेफ को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि भोजन पूरी तरह शुद्ध शाकाहारी हो और उसमें लहसुन-प्याज का उपयोग न किया जाए। भारतीय दूतावास ने उनकी पसंद का विशेष ध्यान रखा है। टोक्यो पहुंचने पर मुख्यमंत्री का स्वागत जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर के वाइस गवर्नर जुनिची इशिदेरा और भारतीय समुदाय के सदस्यों ने किया। जापान में भारत की राजदूत नगमा एम. मलिक ने भी उनका स्वागत किया। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य निवेश आकर्षित करना और औद्योगिक सहयोग को मजबूत करना है। राज्य सरकार उत्तर प्रदेश को वैश्विक निवेश के पसंदीदा गंतव्य के रूप में स्थापित करना चाहती है। इससे पहले सिंगापुर दौरे के दौरान मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य को हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले थे। अधिकारियों के अनुसार, जापान दौरा रणनीतिक और आर्थिक रिश्तों को और गहरा करने की दिशा में अहम कदम है। साथ ही यह संदेश भी देता है कि मुख्यमंत्री विदेश में भी अपनी जीवनशैली और आहार संबंधी परंपराओं का पालन करते हैं।

# 'वायु शक्ति' अभ्यास से बाहर हुआ तेजस



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के प्रतिष्ठित अभ्यास वायु शक्ति 2026 में इस बार स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस नजर नहीं आएगा। राजस्थान के पोखरण में होने वाले इस बड़े प्रदर्शन से तेजस की अनुपस्थिति ने रक्षा हलकों में सवाल खड़े कर दिए हैं। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह फैसला एहतियात के तौर पर लिया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक फुल ड्रेस रिहर्सल में एलसीए एमके-1 शामिल नहीं हुआ था। आमतौर पर जो विमान रिहर्सल में भाग नहीं लेते, वे मुख्य कार्यक्रम का भी हिस्सा नहीं बनते। हाल ही में सामने आई एक तकनीकी घटना के बाद पूरी तेजस फ्लीट की अतिरिक्त सुरक्षा जांच शुरू की गई है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने बयान जारी कर साफ किया कि कोई क्रैश नहीं हुआ, बल्कि जमीन पर मामूली तकनीकी समस्या आई थी। गौरतलब है कि नवंबर 2025 में दुबई एयर शो के दौरान एक तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, जबकि मार्च 2024 में जैसलमेर के पास भी एक हादसा हुआ था। इन घटनाओं के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल और सख्त किए गए हैं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि वायुसेना किसी भी जोखिम से बचने के लिए सतर्क रुख अपना रही है। तेजस भारत की आत्मनिर्भर रक्षा नीति का अहम प्रतीक है, ऐसे में उसकी विश्वसनीयता और ऑपरेशनल सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है।

# केरलम के बाद दिल्ली का नाम बदलने की मांग तेज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को केंद्र सरकार की सहमति मिलने के बाद अब दिल्ली का नाम बदलने की मांग उठी है। प्रवीन खंडेलवाल ने राजधानी दिल्ली का नाम "इंद्रप्रस्थ" करने का सुझाव दिया है। उनका कहना है कि दिल्ली का नाम भारत की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ा हुआ है।

खंडेलवाल ने कहा कि दिल्ली का संबंध पांडवों से रहा है और इंद्रप्रस्थ नाम हमारी प्राचीन सभ्यता की पहचान को दर्शाता है। उन्होंने सुझाव दिया कि राजधानी में पांडवों की प्रतिमाएं स्थापित कर लोगों को इस ऐतिहासिक विरासत के बारे में जागरूक किया जाए। भाजपा सांसद ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से आग्रह किया है कि दिल्ली विधानसभा में राजधानी का नाम "इंद्रप्रस्थ" करने के लिए प्रस्ताव पारित किया जाए। साथ ही उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा कि देश की राजधानी का नाम उसके गहरे सांस्कृतिक और ऐतिहासिक मूल्यों को प्रतिबिंबित करना चाहिए। यह मांग ऐसे समय में आई है जब राज्यों और शहरों के नामों को ऐतिहासिक पहचान से जोड़ने की बहस फिर तेज हो गई है।

# गोवा में तेज रफ्तार का कहर थार की टक्कर से एक की मौत



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गोवा के अंजुना इलाके में सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। उत्तरी गोवा के असागाओ स्थित हैप्पी बार जंक्शन पर दो कारों की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में भोपाल से घूमने आए भगतराम शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। कार में सवार पांच महीने का बच्चा बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी तेज थी कि आई 20 का पिछला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। थार में युवक-युवतियां सवार थे। आरोप है कि हादसे के तुरंत बाद थार में बैठे लोगों ने सीट बदलने की कोशिश की, जिससे संदेह और बढ़ गया। हादसे का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें थार सवार एक युवक फोन पर बात करते हुए दिखाई दे रहा है। घटना के बाद मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने चालक को बचाने की कोशिश का आरोप लगाया है। पुलिस ने किराए की थार को जब्त कर लिया है और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण मौत का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने चौराहे के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

# फिलीपींस में प्रशिक्षण के दौरान अमेरिकी सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, 5 घायल



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** फिलीपींस के उत्तरी पांगासिनान प्रांत के लाओआक शहर में एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान सैन्य परिवहन विमान कंक्रीट बैरियर से टकरा गया। हादसा तब हुआ जब विमान वैकल्पिक लैंडिंग जोन से उड़ान भरने की कोशिश कर रहा था। इस दुर्घटना में सवार पांचों अमेरिकी कर्मी घायल हो गए।

स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, विमान पहले सफलतापूर्वक उतरा था, लेकिन टेकऑफ के दौरान असंतुलित होकर बैरियर से टकरा गया। पायलट और दो अन्य कर्मियों को अस्पताल ले जाया गया, जबकि दो घायलों का इलाज मौके पर ही किया गया। यह प्रशिक्षण फिलीपींस की सिविल, पुलिस और सैन्य एजेंसियों के समन्वय से आयोजित किया गया था। ऐसे अभ्यासों का उद्देश्य आपदा की स्थिति-जैसे तूफान या भूकंप-में नियमित रनवे उपलब्ध न होने पर भी सैन्य संचालन जारी रखना है। यह गतिविधि 1999 के विजिटिंग फोर्सेज एग्रीमेंट के तहत की जा रही थी, जो अमेरिका और फिलीपींस को संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण की अनुमति देता है।

हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच सहयोग दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में बढ़ते तनाव के मद्देनजर और मजबूत हुआ है। दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है। अधिकारी फोरेंसिक विश्लेषण और तकनीकी रिपोर्ट के आधार पर यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि टेकऑफ के दौरान विमान असंतुलित क्यों हुआ।

# लॉरेंस बिश्नोई गैंग के वकील पर हमला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अंडरवर्ल्ड में एक नए गैंग की एंट्री की चर्चा के बीच दिल्ली में लॉरेंस बिश्नोई की लीगल टीम से जुड़े एक वकील पर जानलेवा हमला हुआ है। इस हमले की जिम्मेदारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए राहुल फतेहपुर और नवीन बॉक्सर नामक आरोपियों ने ली है। पोस्ट में दावा किया गया कि वकील दीपक खत्री पर हमला उन्होंने करवाया है। सोशल मीडिया पर जारी संदेश में आरोप लगाया गया कि दीपक खत्री लॉरेंस बिश्नोई का करीबी है और उसके लिए मुखबिरी करता था। पोस्ट में धमकी भरे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए भविष्य में गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी भी दी गई है।

# हाईवे पर लूटपाट करने वाले लुटेरों को 14-14 साल की कैद

## 7500-7500 रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया

## लुटेरों ने कार सवारों को बंधक बना कर की थी लूटपाट

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** एडीजे-6 नीलम ढाका की अदालत ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन शातिर लुटेरों को 14-14 साल की कैद और 7500-7500 रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है। शासन की ओर से मुकदमे की पैरवी करने वाले सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता हेमेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि ग्राम छातीलीपुरा थाना बसई अरेला जिला आगरा हाल निवासी मकान नम्बर सी 4/99 न्यू कौण्डली दिल्ली 96 थाना न्यू अशोक नगर राजवीर सिंह 12/13 जुलाई 2012 की रात करीब 12:30 बजे अपने पिता शिवनारायण, पत्नी ऊषा देवी, बहन मीरा देवी पत्नी जगराम सिंह व भांजे संदीप सिंह के साथ ईको कार से अपने पैतृक घर के लिए जा रहे थे। कोसी बॉर्डर क्रॉस करने के बाद सफेद रंग की टाटा सूमो गोल्ड में सवारों ने कार का पीछा शुरू कर दिया। छाता कोतवाली क्षेत्र में अशर फैक्ट्री के पास उनकी कार को ओवर टेक कर रोक दिया। टाटा सूमो गोल्ड से उतरे चार बदमाशों ने कार चला रहे संदीप की कनपटी पर तमंचा लगा दिया। बदमाशों ने कार सवारों से ईको कार, नकदी, मोबाइल फोन, जेवरात व अन्य सामान लूट लिया। इसी बीच पुलिस की गश्ती गाड़ी वहां से निकली तो कार सवारों ने मदद के लिए शोर मचा दिया।

पुलिस ने लूटपाट करने वाले बदमाशों की घेरा बंदी की। बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए चारों बदमाशों को पकड़ लिया। पुलिस ने बदमाशों से ईको कार और लूटी गई नकदी व जेवरात बरामद कर ली। गिरफ्तार बदमाशों में प्रदीप डोगरा पंजाबी निवासी पालम गांव थाना पालम नई दिल्ली, शाहिद अली निवासी डीडीए पार्क राजनगर थाना पालम नई दिल्ली, दिनेश बैरवा राजस्थानी निवासी मंगलापुरी पालम गांव एयर पोर्ट के पास थाना पालम गांव नई दिल्ली व सोनू पीटर बताए। टाटा सूमो गोल्ड से मिले सुनील ने पुलिस को बताया कि टाटा सूमो उसकी है और बदमाशों ने उसे चारों बदमाशों ने पालम फ्लाई ओवर से उसे बंधक बना कर लूटा है। पुलिस ने सभी लुटेरों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। मुकदमे की सुनवाई एडीजे-6 नीलम ढाका के अदालत में हुई। अदालत ने तीनों लुटेरों को उक्त सजा से दंडित किया। अदालत से जमानत मिलने के बाद सोनू पीटर फरार हो गया जो अभी तक पुलिस की गिरफ्त में नहीं आया है।

# कोर्ट ने तीन की जमानत की खारिज

## गैंगस्टर ने भाजपा जिलाध्यक्ष पर किया था जानलेवा हमला

**यूनिक समय, मथुरा।** गैंगस्टर कोर्ट की जज श्वेता वर्मा ने भाजपा जिलाध्यक्ष पर जानलेवा हमला करने और चौथ वसूली के मामले के आरोपियों की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। शासन की ओर से कोर्ट में जमानत अर्जी के खिलाफ पैरवी करने वाले विशेष लोक अभियोजक शैलेन्द्र गौतम ने बताया कि कोसीकलां थाना क्षेत्र में रहने वाले भाजपा जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे के घर पर फायरिंग की गई थी। इस मामले की रिपोर्ट कोसीकलां थाने में लोकेश पंडित, लक्ष्मीनारायण तथा सौरभ सिंह आदि के खिलाफ दर्ज हुई थी। भाजपा जिलाध्यक्ष के घर पर फायरिंग करने के आरोपियों ने उनसे चौथ भी मांगी थी। मामले के तूल पकड़ने पर लोकेश पंडित ने नाटकीय तरीके से दिल्ली की कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। पुलिस ने इस मामले में लोकेश पंडित और उसके साथियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

जेल में निरूद्ध लोकेश पंडित, लक्ष्मीनारायण व सौरभ सिंह ने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत कराने के लिए गैंगस्टर कोर्ट में प्रार्थना पत्र दिया था। अभियुक्तों की जमानत का विशेष लोक अभियोजक ने पुरजोर विरोध किया। न्यायाधीश ने तीनों की जमानत को खारिज कर दिया है।

## प्रथम पहल फाउंडेशन का होली मिलन समारोह

# संत सानिध्य में सेवा और समरसता का संगम



होली मिलन समारोह में प्रथम पहल फाउंडेशन के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रथम पहल फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित होली मिलन समारोह महामंडलेश्वर योगी नवल गिरी महाराज, संत रसिया बाबा एवं आचार्य मनीष कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में मनाया। मंत्री प्रोयेश अग्रवाल ने संस्था की सेवा गतिविधियों पर प्रकाश डाला। अमृता अस्पताल, फरीदाबाद से आए डॉ. प्रदीप बजाज व उनकी टीम ने निःशुल्क ओपीडी व जनसेवा कार्यों की सराहना की। स्वामी नवल गिरी महाराज और रसिया बाबा के आशीर्वचनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। मनोज शर्मा की टीम की सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, लव-कुश कांड का मंचन और फूलों की होली प्रमुख आकर्षण रहे।

संरक्षक जयंती प्रसाद अग्रवाल, ममता बिंदल, डॉ. सिंधु मंगलीक, गोवर्धन दास अग्रवाल (नीनू मुकुट वाले), डॉ. अशोक अग्रवाल, रविकांत गर्ग (पूर्व ऊर्जा मंत्री), भगवत चौधरी, रामनिवास टोंटी वाले, कन्हैया लाल कोषदा, हेमंत खंडोली, पार्षद नीलम गोयल सहित संस्थापक सीए अमित अग्रवाल, अध्यक्ष प्रभात कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष मनीष शोरावाला, मंत्री प्रोयेश अग्रवाल तथा योगेश अग्रवाल, मनोज बंसल, संजय मित्तल, पंकज टालीवाल, नारायण हरि गोयल, सुधीर अग्रवाल, जितेंद्र गोयल, अमित मित्तल, अनुज अग्रवाल, अनुपम शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, रूपेश अग्रवाल, डॉ. गौरव अग्रवाल, गजानंद अग्रवाल, एडवोकेट, मोतीलाल अग्रवाल, हरीश कुमार जैन, मनीष भार्गव, मयंक अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, मृदुल (प्रेस), मुरारी लाल, नितीश अग्रवाल (प्रेस), अभिषेक सिंघल, कैलाश चंद अग्रवाल (रिफाइनरी), मनोज अग्रवाल, मुनीश अग्रवाल, नवल किशोर, राजेन्द्र, प्रदीप अग्रवाल, सुनील कौशिक, विजय कागजी, योगेन्द्र मित्तल, राजीव गोयल, जुगल किशोर, कृष्ण मुरारी, हरीश गिलट वाले, संजू गुप्ता, डॉ. चन्द्र मोहन अग्रवाल, मदन मोहन, अधिवक्ता चन्द्र मोहन अग्रवाल, राहुल टोंटी, गिरिश वर्मा, बालकृष्ण चतुर्वेदी और श्याम सुंदर आदि उपस्थित थे।

# मथुरा का लाल बांग्लादेश की सीमा पर शहीद

## माँ भारती की रक्षा में न्योछावर किए प्राण

संवाददाता


राकेश कुमार (फाइल फोटो)

**यूनिक समय, नौहझील।** ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पचहरा में उस वक्त शोक की लहर दौड़ गई, जब सीमा सुरक्षा बल में तैनात इंस्पेक्टर राकेश कुमार रावत के शहीद होने की सूचना प्राप्त हुई। मिली जानकारी के अनुसार, राकेश कुमार रावत बांग्लादेश की सीमा पर अपनी ड्यूटी के दौरान देश की सुरक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। शहीद राकेश कुमार रावत पुत्र बलराम रावत बीती रात सीमा पर मुस्तैदी से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे थे। इसी दौरान देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए उन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी। राकेश जी के बलिदान की खबर मिलते ही समूचे क्षेत्र में गमगीन माहौल है, वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पचहरा गाँव के इस वीर सपूत ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे मथुरा जनपद का सिर गर्व से ऊँचा कर दिया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि राकेश जी अत्यंत मिलनसार और देशभक्ति के जज्बे से ओतप्रोत व्यक्तित्व थे। उनके अदम्य साहस और वीरता को देश कभी नहीं भुला पाएगा।

# एनएसएस के विशेष शिविर का रंगारंग समापन



एनएसएस के विशेष शिविर के समापन पर अतिथियों के साथ पदाधिकारी।

**यूनिक समय, गोवर्धन।** श्री सिद्धी विनायक महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ हो गया। समारोह पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारम्भ मुख्य अतिथि रघुनाथ दास गोस्वामी, गद्दी राधाकुंड के पीठाधीश्वर केशव दास महाराज, निदेशक नंदकिशोर शर्मा एडवोकेट, श्रीमती मधु शर्मा ने श्री गणेश जी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया। कार्यक्रमों में गीतकाव्य, दहेज नाटक, भजन, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम, राजस्थानी लोकनृत्य, देशभक्ति गीत, होली गायन, झूमर नृत्य, आदि की रंगारंग प्रस्तुतियां छात्राओं ने दी। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा एवं सतीश शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# जिले के 119 केंद्रों पर बोर्ड परीक्षाएं शांतिपूर्वक हुई संपन्न

## हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षाएं नकलविहीन कराई गईं

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में बोर्ड की परीक्षाएं कड़ी निगरानी में शांतिपूर्ण और नकलविहीन तरीके से संपन्न कराई गईं। प्रथम पाली में हाईस्कूल की विज्ञान और इंटरमीडिएट की संगीत (गायन एवं वादन) की परीक्षा 119 केंद्रों पर हुई। हाईस्कूल में 35,224 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 32,921 विद्यार्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 2,303 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट संगीत विषय में 99 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 94 उपस्थित रहे और 5 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी केंद्र से नकल या अनुचित सामग्री की कोई सूचना नहीं मिली। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की रसायन विज्ञान की परीक्षा 119 केंद्रों पर आयोजित की गई। इस विषय में 27,843 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 25,593 विद्यार्थी उपस्थित रहे और 2,250 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी पाली में इंटरमीडिएट समाजशास्त्र की परीक्षा 79 केंद्रों पर कराई गई। इस विषय में 2,791 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें 2,628 विद्यार्थी उपस्थित रहे, जबकि 163 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।

# अस्पताल में इलाज के दौरान हुई बीमार की मौत

## पुलिस ने बीमार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराए गए एक वृद्ध की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने एक बीमार व्यक्ति को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पातल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अस्पताल प्रशासन ने पुलिस को इस बारे में सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने उनके पास से बरामद पते पर फोन करके उनके परिवार के लोगों को भी सूचना दी। मोरचरी पर आए परिवारीजनों ने बताया कि मृतक आनंद प्रकाश करीब तीन साल पहले बल्लभगढ़ हरियाणा से मथुरा आ गए थे। वह यहीं पर रहकर भगवान की पूजा अर्चना कर रहे थे। पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# जाने गांव विजयगढ़ी में विकास की हकीकत क्या है?


श्मशान में भरे पानी और कीचड़ से होकर शवयात्रा को ले जाते ग्रामीण।

**यूनिक समय, सुरीर (मथुरा)।** प्रदेश की सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करते नहीं थकती, लेकिन मथुरा के मांट विधानसभा क्षेत्र के अंतिम गांव विजयगढ़ी की जमीनी हकीकत इन दावों का मजाक बन रही है। गाँव के मुख्य मार्ग पर विकास का पहिया नहीं, बल्कि कीचड़ और बदहाली का आलम है। मथुरा में बड़े राजनीतिकों के होने के बाद गांव की हालत किसी को दिखाई नहीं दे रही है। गांव के लोग नरक जैसी स्थिति में रहने को मजबूर हैं। हैरानी की बात यह है कि जिस जनपद से सांसद हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, विधान परिषद सदस्य योगेश नौहवार और क्षेत्रीय विधायक राजेश चौधरी जैसे कद्दावर नेता सत्ता की कुर्सी पर बैठे हैं। उनके क्षेत्र के एक गाँव को श्मशान तक जाने के लिए रास्ता मयस्सर नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि चुनाव के समय वादे करने वाले ये नेता अब गांव की सुध तक नहीं ले रहे हैं। गाँव में हुई एक मृत्यु ने व्यवस्था के मुंह पर करारा तमाचा जड़ा है। विजयगढ़ी में न तो व्यवस्थित श्मशान घाट है और न ही वहां तक जाने का रास्ता। मजबूरी में परिजनों को मृतक के शव को घुटनों तक भरे कीचड़ और गंदे पानी से होकर ले जाना पड़ा। यह हालात देखकर हर किसी की भी रूह कांप गई, लेकिन स्थानीय प्रशासन और जन प्रतिनिधियों की नींद अभी भी नहीं टूटी रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि तहसील से लेकर जिले के उच्चाधिकारियों तक कई बार लिखित शिकायतें की गई, लेकिन स्थिति 'जस की तस' बनी हुई है। ऐसा प्रतीत होता है कि विकास के रथ का पहिया विजय गढ़ी के रास्ते की कीचड़ में फंसकर ही रुक जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि नेता तो सिर्फ चुनाव के दौरान वोट मांगने के लिए आते हैं और इसके बाद फिर उनके दर्शन तक नहीं होते हैं। शायद यही बदनसीबी है विजयगढ़ी गांव की।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053